# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 24 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण नौ- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 78 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ सर्दियों में सुपरफूड से कम नहीं है आंवला

जब ऐश्वर्या ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को करने से कर दिया मना ◂◂ 6







# लोकतंत्र की परीक्षा में हम हुए सफल : हेमंत

मेट्रो रेज

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी लोकतंत्र की परीक्षा में सफल रही है।

झामुमो, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) लिबरेशन के गठबंधन ने 81 में से 56 सीट जीती हैं। सोरेन ने बरहेट सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के जी. हेम्ब्रोम को 39,791 मतों से हराया।



सोरेन ने कहा, झारखंड में लोकतंत्र की परीक्षा में हम पास हो गए हैं, चुनाव परिणाम के बाद हम अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा, मैं इस शानदार प्रदर्शन के लिए राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस बीच, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा, सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और आगे भी बने रहेंगे। सोरेन ने बाद में एक वीडियो संदेश में कहा,आइए झारखंड के पिछड़े होने के ठप्पे को हटाने का संकल्प लें और इसे विकसित बनाने का प्रयास करें। हम उद्योग, शिक्षा और कृषि में सुधार के लिए जनता से सुझाव मांगते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन हमारे राज्य को अबुआ राज (स्वशासन) के साथ स्वर्णिम झारखंड में बदलेगा।

## 26 नवम्बर को हेमंत सोरेन लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

चौथी बार बनेंगे मुख्यमंत्री

मेट्रो रेज

**रांची :** सीएम हाउस में विधायक दल की बैठक, खटट के 6,कांग्रेस के 4 मंत्री बनेंगे बताया जा रहा है कि नई सरकार की रूपरेखा पर हेमंत सोरेन की कांग्रेस के शिर्ष नेताओं से बातचीत हुई है,इसी बीच खबर है कि हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में गठबंधन के बड़े नेता भी शामिल होंगे, जानकरी के अनुसार कांग्रेस के राहुल गांधी, फखऊ के तेजस्वी यादव, उढकटछ के दीपांकर भट्टाचार्य जैसे नेता शामिल हो सकते हैं।

# दिल्ली में प्रदूषण फिर गंभीर श्रेणी में, 467 पहुंचा एक्यूआई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली पांच दिन बाद शनिवार शाम फिर गैस चैंबर में तब्दील हो गई। शनिवार सुबह छह बजे भी दिल्ली के नौ इलाकों में प्रदूषण गंभीर कैटेगिरी में रिकॉर्ड किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के वजीरपुर में हवा सबसे ज्यादा जहरीली है। यहां का एक्यूआई 467 दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली का औसत एक्यूआई 419 रिकॉर्ड किया गया।



बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को ग्रेप-4 के प्रतिबंध सख्ती से लागू कराने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि चीफ सेक्रेटरी को पर्सनल लेवल पर मॉनिटरिंग करनी चाहिए। पत्र में उन्होंने लिखा कि दिल्ली के सभी विभागों को ग्रेप-4 को लेकर रोज रिपोर्ट जारी करनी चाहिए। इससे उन इलाकों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जहां ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। मौसम विभाग ने प्रदूषण को लेकर मैप जारी किया है।

पीलीभीत-बरेली रेलवे लाइन पर ट्रेन पलटने की साजिश

# ट्रैक पर रखे सरिया से टकराया इंजन

एजेंसी

**पीलीभीत :** देश में एक बार फिर ट्रेन को पलटाने की साजिश हुई है। बरेली जाने वाली रेलवे लाइन पर अराजकतत्वों ने लोहे की सरिया फंसा दिया। रात में जब यात्री ट्रेन गुजरी तो उसका इंजन सरिया से टकराया। इस पर ट्रेन को रोक दिया गया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल व थाना पुलिस को सूचना दी गई। लोहे का सरिया हटाने के बाद ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो गई। पूर्वोत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर नेत्रपाल सिंह ने इस घटना की प्राथमिकी जहानाबाद थाने में लिखाई है। इसमें बताया गया कि शुक्रवार की रात पीलीभीत-शाही स्टेशनों के मध्य रेलवे किमी 267-2 के रेल पथ पर किसी ने लोहे की सरिया रख दी। पीलीभीत से बरेली सिटी



जाने वाली ट्रेन (053-2) रात 9.16 बजे वहां पर पहुंची तो ट्रैक पर रखी लोहे की सरिया इंजन से टकराई। जिससे ट्रेन को रोकना पड़ा। इससे दुर्घटना हो सकती थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान बूझकर रेल संरक्षा एवं यात्रियों के जान माल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया। सरिया 12 एमएम मोटी और 25 फीट लंबी है, जिससे ट्रैक से हटवाकर शाही स्टेशन पर सुरक्षित रखवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी लिखने के बाद जांच शुरू कर दी गई है।

# संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर तनाव पथराव के बाद लाठीचार्ज, गाड़ियां फूंकी

एजेंसी

**संभल :** संभल के जामा मस्जिद को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को बड़ा रूप ले लिया। मस्जिद पर हरिहर मंदिर होने का दावा किए जाने के बाद यहां दोबारा सर्वेक्षण के दौरान हंगामा और जमकर पथराव किया गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।ः सुबह होते ही भड़की भीड़

रविवार सुबह करीब छह बजे संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ एक सर्वे टीम जामा मस्जिद पहुंची। इस दौरान कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में मस्जिद का सर्वे शुरू हुआ।



जैसे ही मस्जिद पर सर्वे की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली, मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मस्जिद के बाहर जमा हो गए।

मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह-सुबह छुट्टी के दिन सर्वे पर आपत्ति जताई। जल्द ही मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और नाराज भीड़ ने पुलिस को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के समझाने के बावजूद भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया।

कई पुलिसकर्मी घायल,दागे आंसू गैस के गोलेः स्थिति तब और बिगड़ गई जब भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। स्थिति काबू से बाहर होने पर पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

## दो घंटे चला सर्वे, रिपोर्ट 29 नवंबर को पेश होगी

मस्जिद के अंदर सुबह 7 :30 बजे से लगभग दो घंटे तक सर्वे चला। कोर्ट कमिश्नर रमेश राधव की अगुवाई में टीम ने मस्जिद के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। सर्वे पूरा होने के बाद टीम वहां से निकल गई। इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होनी है, जिसमें सर्वेक्षण की प्रारंभिक रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। यह विवाद 19 नवंबर को शुरू हुआ था, जब मस्जिद पर हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया और सर्वे किया गया। इसके बाद से ही मामला कोर्ट में है और क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। मस्जिद की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## मस्जिद की बढ़ाई गई सुरक्षा

पथराव और हंगामे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने जामा मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग कर इलाके को सील कर दिया है। मौके पर डीएम, एसपी और एडीएम समेत जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। आसपास के थानों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

दर्दनाक हादसा

# आरटीसी बस और ऑटो के बीच भीषण टक्कर, सात की मौत, चार गंभीर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के गरल्डिने मंडल में थलागासपल्ले के पास एक आरटीसी बस और खेतिहर मजदूरों को ले जा रहे ऑटो के बीच टक्कर हो गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, कुट्टलुरू मंडल के नेल्लुट्ला गांव के 12 किसान मजदूर गार्ल्डिने में काम करने के लिए एक ऑटो में सवार होकर गए थे। वापस लौटते समय विपरीत दिशा से आ रही आरटीसी बस ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। मृतकों में दो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि अन्य तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों का इलाज अनंतपुर सरकारी अस्पताल में जारी है। सूचना मिलने पर जिला एसपी जगदीश और डीएसपी वेंकटेश्वरुलु ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आगे की जांच के लिए आरटीसी बस चालक को हिरासत में ले लिया है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने थलागासपल्ले में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान भी किया है।

# 'मन की बात' में पीएम मोदी ने युवाओं से की एनसीसी से जुड़ने की अपील, विदेश में बसे भारतीयों को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें एपिसोड को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने युवाओं से एनसीसी से जुड़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज एनसीसी दिवस है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद एनसीसी का कैडेट रहा हूं और इसके अनुभव मेरे लिए अनमोल हैं। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। देश में कहीं भी आपदा होने पर एनसीसी कैडेट आगे बढ़कर मदद करते हैं।'

युवा दिवस पर यंग लीडर्स डायलॉग का होगा आयोजनः प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि 'हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की



जयंती पर देश युवा दिवस मनाता है। अगले साल स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है। इसे खास तरीके से मनाया जाएगा और 11-12 जनवरी को दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जाएगा।' पीएम मोदी ने कहा कि 'मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आहवान किया है, जिनके परिवार का कोई भी व्यक्ति राजनीति में नहीं है, ऐसे एक लाख युवाओं को, नए युवाओं को, राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई तरह के विशेष अभियान चलेंगे।'

प्रधानमंत्री ने लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र की तारीफ की, जो बुजुर्गों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट में मदद कर रहे हैं। इससे बुजुर्गों को पेंशन लेने में मदद मिली है। इसी तरह भोपाल के महेश की तारीफ की, जो बुजुर्गों को मोबाइल के माध्यम से पेमेंट करना सिखा रहे हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने चेन्नई की प्रकृत अरिवगम और बिहार के गोपालगंज की प्रयोग लाइब्रेरी की चर्चा की, जो बच्चों में पढ़ने और सीखने की आदत विकसित कर रही हैं।

## सामाजिक समूहों को सराहा

प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इस अभियान के तहत पांच महीने में ही 100 करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने चेन्नई के कूडुगल ट्रस्ट का जिक्र किया जो गौरेया चिड़िया की आबादी बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। यह चिड़िया हमारे आसपास बायोडायवर्सिटी बनाए रखने में अहम है। साथ ही प्रधानमंत्री ने कचरा प्रबंधन के लिए शुरू हुए इनोवेशन की भी तारीफ की और मुंबई की दो युवतियों का जिक्र किया, जो कतरन से फैशनेबल कपड़े बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे ही कई एनजीओ और सामाजिक समूहों का जिक्र किया, जो देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

## विदेश में रह रहे भारतीयों की तारीफ की

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कैरेबियाई देशों का दौरा किया था। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि कैरेबियाई देश गुयाना में भी मिनी भारत बसता है। भारत से सैंकड़ों वर्षों पहले लोगों को खेती, मजदूरी के लिए गुयाना ले जाया गया था और आज वहां भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं। गुयाना की तरह ही दुनिया के कई देशों में भारतीय गए और उन्होंने वहां अपनी पहचान बनाई। ओमान में भी कई भारतीय शताब्दियों से रह रहे हैं और व्यापार जगत में अपनी जगह बनाई। आज वे ओमान के नागरिक हैं, लेकिन उनकी रग-रग में भारतीयता बसी है।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड में हार मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से दुखदः हिमंता



रांचीः असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि झारखंड में हार मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत दुखद है, भले ही हमने असम में सभी पांच उपचुनावों में जीत हासिल की हो। मैंने झारखंड में अपने कार्यकताओं के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों को देखा है। जिन्होंने इस चुनाव में अपना सब कुछ झोंक दिया। हमने राज्य को घुसपैठ से बचाने और छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए इसे विकास के पथ पर ले जाने के दृष्टिकोण के साथ चुनाव लड़ा। हालांकि, हमें लोगों के जनादेश को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि यही लोकतंत्र का असली सार है। इन चुनौतीपूर्ण समय में हम अपने कार्यकताओं के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और उन्हें अटूट समर्थन और एकजुटता प्रदान करेंगे।

### रामगढ़ से कांग्रेस की ममता देवी ने आजसू की सुनीता चौधरी को 6790 वोट से हराया



**रामगढ़ :** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी ने आजसू की सुनीता चौधरी को 6790 वोटो के अंतर से हरा दिया। ममता देवी को कुल 89818 वोट मिले, जबकि सुनीता चौधरी को 83028 वोट प्राप्त हुए। वहीं, जेएलकेएम के पानेश्वर महतो 70979 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट पर कांग्रेस, आजसू और जेएलकेएम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला चलता हुआ दिखा। जीत के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को जीत की बधाई देने के लिए गाजे- बाजे के साथ पहुंचे थे।

### शंतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर डीसी व एसपी कुमार ने लोगों का जताया आभार

**लातेहारः** जिले में शांतिपूर्ण मतदान व मतगणना होने संपन्न होने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव ने जिले वासियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए डीसी ने कहा कि जिले के लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतगणना में चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों का आक्षरशः पालन किया गया है। डीसी व एसपी ने चुनाव कार्य में लगे जिले अधिकारियों, सभी कोषांग के पदाधिकारियों व कर्मियों के अलावा सुरक्षा बलों, अर्द्ध सैनिक बलों के प्रति आभार जताया है।

### छतरपुर से महज 736 वोट से जीते कांग्रेस के राधाकृष्ण किशोर



**पलामू :** पाटन छतरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर ने महज 736 वोट से जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा की पुष्पा देवी को हराया। राधाकृष्ण किशोर यहां से छठवीं बार विधायक चुने गए हैं। उनकी जीत पर पाटन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम के नेतृत्व में पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में अव्वल होगा।

### लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी को झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है, लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है. हम जनादेश का सम्मान करते हैं. भाजपा इन परिणामों की गहन समीक्षा करेगी.

भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने 23 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम अपने वादों के साथ जनता के बीच गए. जनता ने जो फैसला दिया है, हम उसका स्वागत करते हैं. हेमंत सोरेन जी को बधाई देते हैं, जो इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाले नेता हैं. उंनको जनता का समर्थन मिला है. भारतीय जनता पार्टी की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई. इस उम्मीद के साथ कि जनता से उन्होंने जो वायदे किए हैं, 2019 की तरह भूला नहीं देंगे. इस बार जो वादा किए हैं, उसे पूरा करेंगे. जनता ने भाजपा को एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है. झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में जनता का जो सहयोग मिला, इसके लिए मैं जनता को नमन करता हूं. उनका आदेश स्वीकार करता हूं.

राय ने कहा कि इस बात को फिर से दोहराना चाहूंगा कि लोकतंत्र में जो विपक्ष की सशक्त भूमिका मिली है, उसे निभाएंगे. झारखंड के हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक सहयोग भी करेंगे. जरूरत पड़ा तो संघर्ष भी करेंगे. इसी चुनाव के साथ महाराष्ट्र में भी चुनाव संपन्न हुए हैं. भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महायुति के रूप में चुनाव लड़ा था. 288 विधानसभा सीट में 228 की अप्रत्याशित बढ़त के साथ वहां की जनता ने भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन का सहयोग किया है. सरकार बनाने का मौका दिया है. महाराष्ट्र की जनता का अपनी तरफ से अभिनंदन करता हूं. महाराष्ट्र की जीत पर हमें खुशी है.

डॉ राय ने कहा कि झारखंड के जो परिणाम हैं, उसकी हम समीक्षा करेंगे. चिंतन करेंगे। मंथन करेंगे. फिर भी दोहराएंगे कि झारखंड को हमने बनाया है, तो झारखंड के हितों की रक्षा करने के लिए विपक्ष के रूप में भाजपा की जो भूमिका होगी, उसे सशक्त तौर पर निभाएंगे. जनता के साथ कोई खिलवाड़ ना हो, उनके अधिकार का हनन न हो, इस पर हमारी निगाहें रहेगी. हम सचेत रहेंगे.

जेएमएम की जीत पर बोले हेमंत सोरेन

# शानदार रहा इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन पीएम मोदी का भी किया धन्यवाद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक बड़ा झटका दिया है। झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गंठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है।

प्रेस से बात करते हुए सोरने ने कहा कि आज झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ गए हैं। मैं सभी समुदायों के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं और युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी नेताओं को भी धन्यवाद देता हूं जो मैदान में थे और लोकतंत्र की ताकत को लोगों तक ले गए। झामुमो नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है, ये मुझे पता चला है। मैं समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने बधाई के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद किया है। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि यह सरकार अबुआ सरकार है, यह सरकार झारखंड की जनता की सरकार है। जनता ने हेमंत सोरेन पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। हेमन्त जी पहले जिस तरह एक बेटा बनकर, एक भाई बनकर झारखंड की सेवा कर रहे थे, अब आने वाले समय में उससे भी ज्यादा मेहनत करेंगे।

## इतिहास बनाने से चुके बैद्यनाथ राम, प्रकाश ने दी मात





मेट्रो रेज संवाददाता

लातेहारः आखिरकार झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम इतिहास बनाने से चूक गये। लातेहार से लगातार दो बार कोई विधायक नहीं बन पाया। इस मिथक को बैद्यनाथ राम नहीं तोड़ पाये। भाजपा के प्रकाश राम ने उन्हें 752 वोटों से हरा कर एक सुनहरा इतिहास बनाने से रोक दिया। दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई और अंतिम राउंड में जा कर फैसला हुआ। तीन बार के विधायक बैद्यनाथ राम शुरूआती मतगणना में बढ़त बनाये हुए थे, लेकिन सातवें राउंड के बाद वे पिछड़ते चले गये। हालांकि 22वें राउंड में बैद्यनाथ राम ने 530 वोटों लीड बनायी, लेकिन अंतिम व 24 राउंड में वे प्रकाश राम से पिछड़ गये। बैद्यनाथ राम को इवीएम में कुल 95686 और प्रकाश राम को 96438 मत मिले। प्रकाश राम ने जीत का श्रेय आम मतदाताओं को दिया और कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि यह जीत आम मतदाताओं की है। वहीं बैद्यनाथ राम ने भी हार स्वीकार करते हुए कहा कि जनता का फैसला उनके सिर आंखों पर है। इस चुनाव में भाजपा व झामुमो में कांटे की टक्कर देखने को मिली। टी-20 जैसा रोमांच देखा गया। जिस प्रकार किक्रेट में आखरी ओवर तक लोग टकटकी लगाये रहते हैं, ठीक उसी प्रकार से इस चुनाव में भी लातेहार विधानसभा क्षेत्र से लोगों को अंतिम ओवर (राउंड) में जा कर परिणाम मिला। दोनों प्रत्याशियों के बीच हर राउंड में एक हजार के उपर नीचे बढ़त दर्ज की गयी। कोई यह दावे से नहीं कह सकता था कि किसे जीत मिलेगी। दोनो प्रत्याशियों के समर्थकों की धड़कने बढ़ी हुई थी।

लोग पत्रकारों से पल पल की जानकारी ले रहे थे।बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव (2019) में झामुमो के बैद्यनाथ राम ने भाजपा के प्रकाश राम को 16,328 वोटों से हराया था। बैद्यनाथ राम को 76,507 और प्रकाश राम को 60,179 मत मिले थे। इससे पहले साल 2009 में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में बैद्यनाथ राम ने राजद से चुनाव लड़ रहे प्रकाश राम को मात्र 438 वोटों से हराया था। प्रकाश राम भी दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्होने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में झाविमो प्रत्याशी के रूप में भाजपा के बृजमोहन राम को 26,787 वोटों से हराया था। जबकि 2005 के चुनाव में उन्होने झामुमो के रामदेव गंझू को 5398 वोटों से हरा कर पहली बार विधायक बने थे।

### राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम सिकंदराबाद रवाना

**रांची :** 14वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 के लिए झारखंड टीम शनिवार को सिकंदराबाद रवाना हुई. टीम के खिलाड़ियों को खेल विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से खिलाड़ियों को खेल किट ट्रैक सूट, जर्सी दी गई. सभी खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, खेल विभाग झारखंड के अधिकारियों तथा हॉकी झारखंड परिवार के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया गया.

## जेएमएम की जबरदस्त जीत के बाद भी चार मंत्रियों को मिली करारी हार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने अभूतपूर्व दो तिहाई बहुमत प्राप्त किया है। 81 सीटों वाले इस चुनाव में गठबंधन ने 56 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। इस जीत के साथ ही राज्य में भाजपा के विजय रथ को रोक दिया गया। भाजपा को सिर्फ 24 सीटों से संतोष करना पड़ा। हालांकि, चुनाव में हेमंत कैबिनेट के चार मंत्रियों को करारी हार देखनी पड़ी।

इन मंत्रियों को मिली करारी हार

हारने वालों में जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम और समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी शामिल हैं। इधर, इस चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को बधाई दी और कहा कि यह नतीजे भाजपा के लिए अप्रत्याशित हैं।

इस योजना का झामुमो को मिला लाभः बेबी देवी के विभाग ने लोकलुभावन मईयां सम्मान योजना शुरू की थी, जिसने राज्य में झामुमो नीत गठबंधन की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस योजना के तहत, 18-50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है और झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने इसे बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह करने का वादा किया है। वर्तमान में इस योजना का लाभ करीब 57 लाख महिलाएं उठा रही हैं।

इन लोगों ने मंत्रियों को दी मातः जमशेदपुर पश्चिम सीट से कांग्रेस के बन्ना गुप्ता जेडीयू के सरयू राय से 7,863 मतों से हार गए।

गढ़वा में झामुमो के मिथिलेश कुमार ठाकुर को भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी ने 16,753 मतों के अंतर से हराया।

लातेहार से चुनाव लड़ रहे झामुमो के बैद्यनाथ राम भाजपा के प्रकाश राम से 434 मतों के मामूली अंतर से हार गए।

झामुमो की बीबी देवी डुमरी सीट से जेएलकेएम के जयराम कुमार महतो से 10,945 के अंतर से हार गईं।

देवी को अप्रैल 2023 में कोविड-19 से संबंधित जटिलताओं के कारण उनके पति जगरनाथ महतो की मृत्यु के बाद मंत्री बनाया गया था।

इन इलाकों में झामुमो की जबरदस्त जीतः झारखंड के छह क्षेत्रों कोल्हान, संताल, कोयलांचल, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर और पलामू में से पांच में झामुमो और इंडिया गठबंधन को जबरदस्त जीत मिली। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है जो झारखंड के 24 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है। इससे पहले कोई भी सरकार लगातार दो बार सत्ता में नहीं आ सकी थी।

भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले चार सीटों पर नुकसानः दूसरी ओर, भाजपा पिछले चुनाव के मुकाबले चार सीटों के नुकसान पर 21 सीट ही जीत सकी, जबकि 68 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। एनडीए की दूसरी बड़ी सहयोगी पार्टी आजसू दस सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन एक सीट ही जीत सकी। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो खुद चुनाव हार गए।

## आपके सपने और आकांक्षाओं को पूरा करूंगाः अमित महतो



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्लीः** मैं आपके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूगा। मुझे हर कार्यकर्ताओं पर गर्व है जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम किया। वे कड़ी मेहनत से लोगों के बीच गए और हमारे बड़े भाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काम तथा एजेंड़े पर विस्तार से बात की । उक्त बातें अमित महतो ने चुनाव जीतने के बाद कही। श्री महतो ने आगे कहा कि प्रचंड जनादेश ने झूठ के सहारे सत्ता आने का तमाम सपनों को पालने वाले के दुकान में ताला लगाने का काम किया है।

## बोकारो जिले की चारों विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा, एनडीए की करारी हार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारोः** झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया गठबंधन ने बोकारो जिले की सभी चार विधानसभा सीटों पर कब्जा जमा लिया है। एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ा है। गोमिया विधानसभा सीट से झामुमो के योगेंद्र महतो ने एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो को शिकस्त दी। वहीं चंदनकियारी से झामुमो के उमाकांत रजक ने जेएलकेएम के अर्जुन रजवार को हराया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी तीसरे नंबर पर रहे। बोकारो विधानसभा सीट से कांग्रेस की श्वेता सिंह ने दो बार से विधायक रहे भाजपा के बिरंची नारायण को हराया। बोकारो विधानसभा की कमान पहली बार आधी आबादी के हाथ में है। बेरमो सीट पर कांग्रेस के कुमार जयंमंगल सिंह लगातार दूसरी बार विजयी रहे। उन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता रवींद्र कुमार पांडेय को शिकश्त दी।झारखंडी पर्यटन स्थल

जिले में जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने अपनी उपस्थिति दर्ज की है। चंदनकियारी में उसके प्रत्याशी अर्जुन राजवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि बोकारो में सरोज कुमारी, गोमिया में पूजा व बेरमो में खुद जयराम महतो तीसरे स्थान पर रहे। जेएलकेएम ने भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर परिणाम को प्रभावित किया है। जयराम बेरमो सीट तो हार गए, लेकिन गिरिडीह जिले की डुमरी सीट पर झामुमो की प्रत्याशी और राज्य की मंत्री बेबी देवी को हराकर अपनी पार्टी के जनाधार को साबित किया।

श्वेता सिंह को बधाइयों का तांताः बोकारो विधानसभा सीट पर कांग्रेस की श्वेता सिंह की जीत पर कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया। श्वेता सिंह को जीत की बधाई देने वालों का तांता लगा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष हीरलाला मांझी ने उन्हें बधाई दी है। महाराणा प्रताप विचार मंच के पूर्व अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह सहित कई लोगों ने श्वेता सिंह को बधाई दी है। मृगेंद्र ने कहा कि बोकारो ने बदलाव के लिए वोट किया। निवर्तमान भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सिर्फ अपने विकास के लिए दस वर्षों तक काम किया। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है, उसका निर्णय सर्वोपरि होता है। मृगेंद्र ने जनता के प्रति भी आभार जताया है। बधाई देने वालों में गौतम सिंह, विद्यासागर सिंह, मनीष कुमार सिंह, राजीव सिंह व अन्य शामिल है।

# हेमंत सोरेन का किला क्यों नहीं हिला पायी बीजेपी? झारखंड चुनाव के पांच बड़े टर्निंग फैक्टर क्या रहे?

मेट्रो रेज

**रांची:** साल की शुरूआत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद विवादों में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए एक आश्चर्यजनक नतीजे लेकर आई है। एग्जिट पोल के पूवार्नुमानों को धता बताते हुए, झामुमो सरकार बनायेगी। आइए जानते हैं झारखंड में क्या बड़े फैक्टर निर्णायक साबित हुए।

**सहानुभूति की लहर:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को 8.136 एकड़ जमीन के अवैध कब्जे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, तो भाजपा ने सोचा, उसे एक मजबूत ताकत मिली है झामुमो नेता के खिलाफ हथियार और भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन पर हमला करते रहे लेकिन रणनीति उलट गई। जब सोरेन जेल में थे, तो उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को पीड़ित कार्ड खेलने के लिए लोगों तक पहुंचने के लिए तैनात किया, जिसमें, ऐसा लगता है, वह सफल हो गए। सोरेन दंपति और अन्य झामुमो नेताओं ने मौजूदा मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर भाजपा पर हमला करते हुए पूरा अभियान चलाया,



जिन्हें महत्वपूर्ण चुनावों से पहले जेल से रिहा कर दिया गया था।

**बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा रहा हावी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर झारखंड बीजेपी-सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा तक, सभी पार्टी प्रचारकों ने झारखंड विधानसभा चुनाव में 'बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा' पूरी ताकत से उठाया। भाजपा ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो बांग्लादेश के मुसलमानों को बांग्लादेश भेज देगी। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के शीर्ष नेताओं ने दावा किया कि झारखंड के कुछ हिस्से, खासकर संथाल परगना क्षेत्र 'मिनी-बांग्लादेश' बनता जा रहा है। इस मुद्दे ने भाजपा पर पलटवार किया क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि भाजपा 'फूट डालो और राज करो' के अनुरूप सांप्रदायिक एजेंडा पेश करने की कोशिश कर रही है।

**प्रभावशाली चेहरे का आभाव:** भगवा पार्टी ने किसी भी मुख्यमंत्री चेहरे को पेश नहीं किया, जो सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ विपक्षी दल के लिए एक नुकसान के रूप में उभरा, जो पहले दिन से ही साफ हो गया था कि उनका सीएम चेहरा हेमंत सोरेन हैं। बीजेपी में सीएम चेहरे की कमी के कारण मतदाताओं के बीच इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति थी कि एनडीए का नेतृत्व कौन करेगा, दूसरी ओर, सत्तारूढ़ गठबंधन ने साफ कर दिया है कि वे हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं।

**केंद्रीय एजेंसियों की सक्रियता:** सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेताओं पर छापेमारी करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए खबरों में रही हैं, जिससे भारतीय गुट को उन लोगों के पास जाने का मौका मिला, जो दावा कर रहे थे कि ये कार्रवाई राजनीति से प्रेरित और पक्षपातपूर्ण है। भाजपा ने अपने द्वारा उठाए गए भ्रष्टाचार के मुद्दे को मूर्त रूप देने की कोशिश की लेकिन कहीं न कहीं यह मतदाताओं के बीच अच्छा नहीं गया।

**दल बदल का खेल :** हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन से लेकर झारखंड के चंपई सोरेन के करीबी सहयोगी तक, बीजेपी ने कई विपक्षी नेताओं को अपने पाले में कर लिया। लेकिन, दलबदलुओं के साथ राजनीतिक स्थान साझा करने की रणनीति चुनावी लाभ अर्जित करने में विफल रही। दरअसल, जामताड़ा सीट से दलबदलू सीता सोरेन 33481 वोटों से पीछे चल रही हैं।

## मुख्यमंत्री आवास में इंडिया गठबंधन के विधायकों का आना शुरू



**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में जेएमएम सहित सहयोगी कांग्रेस के विधायकों का आना शुरू हो गया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में थोड़ी ही देर में इंडिया गठबंधन विधायकों की बैठकशुरू होगी होगी। अभी तक चमड़ा लिंडा, मथुरा महतो, योगेंद्र महतो, सविता महतो, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, लुईस मरांडी सहित 13 विधायक पहुंच चुके हैं। जानकारी के अनुसार राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा आज ही पेश किया जायेगा। 26 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होने की बात कही जा रही है।

## 20वीं झारखण्ड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता प्रारम्भ

### झारखण्ड के विभिन्न जिलों के 300 खिलाड़ी और अधिकारी ले रहें है हिस्सा

मेट्रो रेज

**सिल्ली/ रांची:** 20वीं झारखण्ड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता आज यहाँ द विलेज रिसोर्ट में प्रारम्भ हो गयी। इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन संत माइकल स्कूल के डायरेक्टर डॉ रुपेश कुमार और राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने झारखण्ड में लोकप्रिय होते इस खेल और सिल्ली के खिलाड़ियों की उपलब्धि के बारे अपने उदगार व्यक्त किये। इस अवसर पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष रत्नेश कुमार गुप्ता,दीपक गोप तथा वाहिद अली व अन्य उपस्थित थे।



इस प्रतियोगिता का आयोजन सिल्ली वुशु अकेडमी और राँची जिला वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में और खेल कूद विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

**आज हुई इस प्रतियोगिता के विभिन्न दो वर्गो के परिणाम इस प्रकार रहे**

- 21 किलोग्राम भार वर्ग : एंजेल तिर्की –गोल्ड –रांची
- दीपिका सोय– सिल्वर –ईस्ट सिंहभूम
- 24 किलोग्राम भार वर्ग : आरुषि कुमारी –रांची –गोल्ड
- अतिफा नूरानी –सिल्वर– हजारीबाग
- अदिति कुमारी– ब्रॉज –रांची
- आज इस प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गो के मैच देर रात तक चलते रहेंगे और कल अपराह्न 3.30 बजे इसका समापन होगा।

## बीआईटी मेसरा में छात्र की मौत मामले में पांच गिरफ्तार



**रांची:** मेसरा ओपी स्थित शिक्षण संस्थान बीआईटी मेसरा में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प में एक छात्र की मौत हो गयी थी। मृतक छात्र की पहचान राजा पासवान के रूप में हुई थी। इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं उनमें अभिषेक कुमार, मौसम कुमार सिंह, निपुण, साहिल और इरफान अंसारी शामिल है।

**14 नवंबर को बीआईटी मेसरा में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई थी झड़प :** जान लें कि 14 नवंबर को बीआईटी मेसरा में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई झड़प में पॉलिटेक्निक डिपार्टमेंट के एक स्टूडेंट राजा पासवान की मौत हो गयी थी। बीआईटी कैंपस से कुछ ही दूरी पर बीआईटी थाना भी है, लेकिन मारपीट के बाद भी पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गयी। जबकि मारपीट की वारदात 14 नवंबर की रात में ही हुई थी। छात्र की मौत के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी।

## जनता के जनादेश का सम्मान करता हूं : सुदेश महतो



**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता द्वारा दिए जनादेश का हम सम्मान करते हैं और हेमंत सोरेन जी को बधाई देते हैं। हम अपने दल और एनडीए के अंदर इस चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने दल और एनडीए के अंदर इस चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगे।

## जनता ने विकास करने वाली सरकार को दिया वोट : राजद

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड में भगवा, भाजपा की झूठ के राजनीति नहीं चली, इंडिया गठबंधन को प्रचंड बहुमत राज्य की जनता देकर एक बार फिर विकास करने वाली सरकार को मौका दिया है।

राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने राज्य की जनता को राजद के हुसेनाबाद से संजय कुमार सिंह यादव, गोडा से संजय प्रसाद यादव, देवघर से सुरेश पासवान, एवं बिश्रामपुर सहित ईडिया गठबंधन के सभी जीते हुए उम्मीदवार को राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही साथ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस तरीके से भाजपा



के कथनी और करनी को राज्य की जनता के सामने रखकर इनके चाल और चरित्र को बताने का काम किया जिसके चलते राज्य की जनता प्रचंड बहुमत देकर पुनः सुशासन करने का मौका दिया इसके लिए बहुत-बहुत बधाई।

## एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन पर दौड़ का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची :** 76वें एनसीसी दिवस के अवसर पर, जो हर साल नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। 3 झारखंड बटालियन एनसीसी राँची ने एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन का पालन करते हुए रन फॉर यूनिटी दौड आयोजन किया। यह दौड़ मोराबादी, राजभवन, करमटोली तालाब से होते हुए 5 किलोमीटर की दूरी तय करके वापस अपने स्थान पर लौटी। स्वयंसेवकों ने पूरे मार्ग में कैडेटों का मार्गदर्शन किया और उन्हें प्रेरित भी किया। कैडेटों के लिए मार्ग के हर कोने पर पीने का पानी भी उपलब्ध था। कैडेटों ने बहुत उत्साह दिखाया और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा



किया। लगभग 450 कैडेटों ने भाग लिया, जिन्हें जूनियर विंग, जूनियर डिवीजन, सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग के 4 समूहों में विभाजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संतोष कुमार सिंह के प्रेरक शब्दों से हुई । उनहोंने एनसीसी दिवस महत्व पर प्रकाश डाला , शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना हमें कितना आवश्यक है के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में कैडेटों को जलपान दिया गया। विजेताओं को पदक और आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## हार के बाद अंबा प्रसाद ने नवनिर्वाचित विधायक पर लगाया आरोप

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस की परंपरागत सीट बड़कागांव हारने के बाद, कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अपने प्रतिद्वंदी और नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आज 24 नवंबर को चुनाव परिणाम के दूसरे दिन अंबा प्रसाद ने ट्वीट करते हुए कहा कि हाल ही में हुए चुनाव में उनकी हार के बाद रोशन लाल चौधरी के समर्थकों ने उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और अपनी दबंगई का प्रदर्शन किया।



**पोस्ट में क्या लिखा है**

अंबा प्रसाद ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, कल ही चुनाव के नतीजे आए और आज नवनिर्वाचित विधायक के समर्थकों ने हमारी गाड़ी का शीशा तोड़कर अपनी दबंगई का प्रदर्शन किया। आखिर ऐसी क्या व्यक्तिगत दुश्मनी है आपकी मुझसे? उन्होंने कहा कि जनता ने रोशन लाल चौधरी को सेवा और विकास के लिए चुना है, न कि डर और गुंडागर्दी फैलाने के लिए। अंबा ने आगे लिखा, दर्द सिर्फ. टूटे हुए शीशे का नहीं, बल्कि टूटते भरोसे और बिगड़ती सियासत का है। हम प्रशासन से न्याय की उम्मीद करते हैं। क्या यही है जनसेवा की आपकी पहली तस्वीर? बता दें कि अंबा प्रसाद की पारंपरिक सीट बड़कागांव में भाजपा के रोशनलाल चौधरी ने उन्हें 31 हजार से ज्यादा वोट से विधानसभा चुनाव में हरा दिया है।

## पूनम आप्टिकल प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**रांची :** बहु बाजार स्थित पूनम आप्टिकल प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने किया ।इस प्रतिष्ठान में आखों की जांच मशीन से की जायेगी ।यहां पर विभिन्न प्रकार के चश्मो का रेंज उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक प्रकाश राम ,सूरज कुमार, रवि सिंह, छत्रधारी महतो, ममता कुमारी,माया कुमारी तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## ऑर्गेनिक बास्केट में जैविक खेती से उत्पादित खाद्य पदार्थ उपलब्ध

### गिर गाय का दूध व अन्य जैविक उत्पाद बनी ग्राहकों की पसंद

मेट्रो रेज

**रांची:** चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक खाद्य पदार्थों,विशेषकर फल,सब्जियों और अनाजों के उत्पादन में रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। फल, सब्जी व अनाज आदि के उत्पादन में रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं के उपयोग का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इसके मद्देनजर प्राकृतिक व जैविक तरीकों से उत्पादित खाद्य पदार्थों की ओर लोगों का रुझान बढ़ने लगा है। गौरतलब है कि प्राकृतिक व जैविक तरीकों से उत्पादित सामग्री में किसी प्रकार के रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक दवाओं व अन्य हानिकारक रासायनिक खाद का उपयोग नहीं किया जाता है।

इस दिशा में राजधानी के




नंदिनी गिर फार्म्स द्वारा पहल की गई है।

रांची जिले के ठाकुरगांव में नंदिनी गिर फॉर्म्स द्वारा प्राकृतिक व जैविक तरीकों से उत्पादित खाद्य पदार्थों के प्रति लोग आकर्षित हो रहे हैं। हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित नंदिनी गिर फॉर्म्स के मार्केटिंग ऑफिस (विपणन कार्यालय) द्वारा न्यू एजी कॉलोनी, कडरू में ऑर्गेनिक बास्केट प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया है।

इस संबंध में ऑर्गेनिक बास्केट की सेल्स मैनेजर प्रीति केरकेट्टा ने बताया कि यहां प्राकृतिक व जैविक तरीकों से उत्पादित ग्रॉसरी, मिठाइयां, बेकरी आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। इसमें रेड राइस, ब्लैक राइस, तूर दाल, रॉक साल्ट, धनिया व हल्दी पाउडर, हींग, जीरा, सोनाचुर,सरसों तेल, करंज हनी, फॉरेस्ट हनी, गिर गाय का घी व दूध, गुलकंद,रॉक सूगर, पेड़ा,बेसन का लड्डू, रागी लड्डू, गोंद का लड्डू सहित अन्य जैविक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। सुश्री केरकेट्टा ने बताया कि गिर गाय का दूध व दूध से बने अन्य उत्पाद विशिष्ट पौष्टिकता से परिपूर्ण हैं। प्रतिदिन लगभग 60 से 70 लीटर गिर गाय के दूध की मांग है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बिना रासायनिक खाद के उपयोग के उत्पादित मोटे अनाज रागी, बाजरा, ज्वार, मड़वा आदि से बने उत्पादों की भी मांग बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि आर्गेनिक उत्पादों के उपयोग के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के उपयोग से उत्पादित अनाज, फल व सब्जियों की बजाय लोग आर्गेनिक उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑर्गेनिक बास्केट में होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रतिष्ठान के ऑनलाइन वेबसाइट पर भी ऑर्डर कर ग्राहक घर बैठे जैविक उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं पौष्टिकता से परिपूर्ण जैविक उत्पाद : डॉ मीनाक्षी सिंह

**पर्यावरण** प्रेमी व प्रख्यात दंत रोग विशेषज्ञ डॉ मीनाक्षी सिंह (गोल्ड मेडलिस्ट) के मुताबिक प्राकृतिक व जैविक तरीकों से उत्पादित अनाज, फल व सब्जियां पौष्टिकता से परिपूर्ण व मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। ऑर्गेनिक उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। प्राकृतिक तरीके से उत्पादित जैविक उत्पादों में किसी प्रकार के रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं आदि का प्रयोग नहीं किया जाता है। डॉ.सिंह ने कहा कि अनाज, फल व सब्जियों के अलावा ऑर्गेनिक वस्त्र (सूती,रेशम), ऑर्गेनिक सौंदर्य प्रसाधन, (त्वचा क्रीम, शैंपू) आदि व घरेलू उत्पाद (साबुन,डिटर्जेंट) सहित अन्य जैविक उत्पादों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अनाज,फल और सब्जियों के उत्पादन में हो रहे रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं का प्रयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने और जैविक उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की।



# घर में सही दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा, मिलेंगे शुभ फल



**आपने भी कई मंदिरों में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए होंगे। कई बार लोग पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को घर में लगा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना चाहिए।**

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। हनुमान जी को श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है। साथ ही हनुमान जी को कलियुग का देवता भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खासतौर पर मंगलवार के दिन भक्त हनुमान जी की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। बता दें कि पंचमुखी हनुमान जी का भी अधिक महत्व है।

आपने भी कई मंदिरों में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए होंगे। कई बार लोग पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को घर में लगा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना चाहिए। वहीं यदि आप सही दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा लगाते हैं, तो कुंडली में मौजूद सभी दोषों से छुटकारा मिल जाता है। तो आइए जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना शुभ माना जाता है।

## पूर्व दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर

पूर्व दिशा को भगवान सूर्यदेव की दिशा माना जाता है। सूर्य देव अंधकार को हटाकर उजाला प्रदान करते हैं। वहीं हनुमान जी को भक्तों को बल, बुद्ध और भक्ति प्रतीक माना जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाने से सूर्य देव की किरणों से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा तस्वीर की वजह से कई गुना बढ़ जाती है। इससे व्यक्ति के घर में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

## उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं हनुमान जी की तस्वीर

अगर आप संकट में घिर गए हैं या फिर किसी बड़ी परेशानी में पड़ गए हैं, तो आपको हनुमान जी की आराधना करनी चाहिए। इससे आपको संकट से छुटकारा मिलेगा। वहीं आप अपने घर की उत्तर-पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको इसका भरपूर लाभ मिलता है।

बता दें कि हनुमान जी को संकट मोचन भी कहा जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा या उत्तर पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको परेशानियों से छुटकारा मिलता है और शत्रुओं का नाश होता है। ऐसे में आप भी इन दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगा सकते हैं।



# लिविंग एरिया को है चमकाना तो विनेगर का ऐसे करें इस्तेमाल

लिविंग रूम घर का ऐसा हिस्सा होता है, जहां पर कोई भी व्यक्ति आकर बैठता है। ऐसे में अगर लिविंग एरिया गंदा हो या फिर वहां से अजीब सी स्मेल आ रही हो तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर भी नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लिविंग एरिया की क्लीनिंग के लिए हम कई तरह के केमिकल बेस्ड क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब ये केमिकल्स सांस के जरिए अंदर जाते हैं तो इससे आपको काफी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने लिविंग रूम को विनेगर की मदद से क्लीन करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया को क्लीन करने के लिए विनेगर का इस्तेमाल किस तरह किया जाए-

### सोफे की करें सफाई

अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें। अब इसे स्प्रे करें, लेकिन फर्नीचर को बहुत गीला न करें। इसे हवा में सूखने दें। वहीं अगर सोफे पर दाग लगा है तो 1 भाग सिरका और 1 भाग पानी के मिश्रण से दाग को साफ करें। ज्यादा मुश्किल दागों के लिए, पहले उस जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें, फिर सिरका स्प्रे करें। इसे कुछ मिनट तक फिज होने दें, कपड़े से धीरे-धीरे रगड़ें और पोंछकर साफ करें।

### विंडो को करें क्लीन

लिविंग रूम के विंडो की क्लीनिंग के लिए भी सिरके की मदद ली जा सकती है। इसके लिए आप एक स्प्रे बोतल में एक भाग सिरका और दो भाग पानी मिलाएं। अपनी खिड़कियों पर स्प्रे करें, फिर इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछें। जिद्दी दागों के लिए, थोड़ा ज्यादा सिरका लगाकर रगड़ें, फिर साफ कपड़े से उसे क्लीन करें।

### कारपेट को करें क्लीन

लिविंग रूम में रखा कारपेट बहुत जल्दी गंदा हो जाता है। ऐसे में उसे साफ करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल करें। इसके लिए, आप बराबर मात्रा में सिरका और पानी के मिश्रण से उस जगह को साफ करें। इसके बाद, दाग पर बेकिंग सोडा छिड़कें, इसे सूखने दें और वैक्यूम करें। वहीं, जिद्दी दाग को साफ करने के लिए, 1 बड़ा चम्मच डिश सोप, 1 बड़ा चम्मच सफेद सिरका और 2 कप गर्म पानी मिलाएं। घोल को स्पंज या कपड़े से दाग पर थपथपाएं, फिर साफ तौलिये से पोंछकर सुखाएं।

# डायिबटीज के मरीजों के लिए रामबाण साबित होगा ये पांच फूल

डायबिटीज से जूझ रहे मरीजों के लिए ये फूल किसी रामबाण से कम नहीं है। डायबिटीज का प्रबंधन एक निरंतर लड़ाई की तरह महसूस हो सकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्रकृति के इन फूलों की मदद से राहत मिल सकती है? जबकि रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए दवाएं और जीवनशैली में बदलाव आवश्यक हैं, कुछ फूल भी मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं। आइए कुछ ऐसे फूलों पर नजर डालें जो स्वाभाविक रूप से स्वस्थ ब्लड शुगर के स्तर तक आपकी यात्रा में सहायता कर सकते हैं।



### डेहलिया

ऑक्सफोर्ड एकेडमिक लाइफ मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि डहलिया फूल की पंखुड़ियों में तीन अणु होते हैं जो प्रीडायबिटीज और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं। न्यूजीलैंड में ओटागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पहले पाया था कि आहार संबंधी फ्लेवोनोइड ब्यूटेन मस्तिष्क की सूजन को कम कर सकता है, जिससे रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार होता है। नए अध्ययन में डेहलिया की पंखुड़ियों को ब्यूटेन के स्रोत के साथ-साथ दो अन्य यौगिकों के रूप में उजागर किया गया है जो इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं।

### मेडागास्कर पेरीविंकल

मेडागास्कर पेरिविंकल का उपयोग पारंपरिक रूप से मधुमेह, गले के संक्रमण, रक्तचाप, कैंसर और त्वचा रोगों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता रहा है। हालांकि यह संभावित लाभ प्रदान कर सकता है, अनुचित खुराक इसके उपयोग को असुरक्षित बना सकती है। इस पौधे के कुछ शुद्ध यौगिकों को इंजेक्शन के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। हालाँकि, किसी भी स्थिति में इसके उपयोग पर विचार करने से पहले इसके दुष्प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है।

### केला का फूल

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के 2013 के एक अध्ययन में पाया गया कि केले के फूल का सेवन शरीर में बढ़ी हुई चीनी से जुड़े एक विशिष्ट प्रोटीन के उत्पादन को कम करके रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। रक्त शर्करा को प्रबंधित करने के अलावा, केले का फूल वजन घटाने, कोलेस्ट्रॉल कम करने और स्वस्थ पाचन तंत्र को बढ़ावा देने में सहायता कर सकता है।

### गुडहल का फूल

हिबिस्कस चाय, हिबिस्कस फूल से बनी, एक तीखा, चमकीले रंग का पेय है जो अपने स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। यह रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है, जो मधुमेह वाले लोगों में आम है। कुछ अध्ययनों से यह भी संकेत मिलता है कि हिबिस्कस इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार कर सकता है, जिससे यह मधुमेह के प्रबंधन के लिए एक सहायक विकल्प बन सकता है।

### तितली मटर का फूल

बटरफ्लाई मटर फूल, या क्लिटोरिया टर्नेटिया, दक्षिणपूर्व एशिया जैसे गर्म क्षेत्रों का मूल निवासी एक आकर्षक नीला फूल है। इसके औषधीय गुणों के कारण इसे विभिन्न संस्कृतियों में पारंपरिक रूप से उपयोग किया जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि फूल रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, इसके हाइपोग्लाइकेमिक गुणों के कारण, यह मधुमेह या प्रीडायबिटीज वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

# सर्दियों में सुपरफूड से कम नहीं है आंवला



आयुर्वेद में आंवला को अमृत बताया गया है। सर्दियों में आंवला खाने से कई फायदे मिलते हैं। सुपरफूड से कम नही है आंवला, क्योंकि इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते है। पौराणिक मान्यता है कि अमृत मे सभी रस समाहित होते हैं, इसलिए यह अमरता प्रदान करता है। यानी के आंवले में हरड़ में पांच रस होते हैं। इसलिए इसे अमृत के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। आंवला में विटामिन- सी, ए, काबोर्हाइड्रेट और फाइबर जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो एंटी-एजिंग, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-कार्सिनोजेनिक गुण भी पाए जाते है। इसी वजह से आंवला सेहत के लिए लाभकारी है।

इम्यून सिस्टम मजबूत होता

आंवला में सबसे ज्यादा विटामिन सी का सोर्स पाया जाता है। वहीं, इम्यून फंक्शन के लिए बेहद महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट में से एक है। एक स्टडी के मुताबिक, आंवले में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट हमें ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं। इसके साथ ही इम्यून सिस्टम भी मजूबत होता है।

### डाइजेशन में सुधार

प्रतिदिन आंवला खाने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। इसके साथ ही पेट से जुड़ी समस्याओं से भी राहत मिलता है।

### हार्ट हेल्थ बेहतर होता है

रोजाना एक आंवला खाने से हार्ट डिजीज के कई जोखिम कम हो सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल लेवल, ट्राइग्लिसराइड लेवल और ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है।

### हेयर्स हेल्दी रहते हैं

आंवला हेयर्स फॉलिकल्स को पोषण प्रदान करता है। बालों की जड़ों को मजबूत करने और समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करता है। इससे बाल हेल्दी, चमकदार और घने दिखने लगते हैं।

### डायबिटीज रोगियो के लिए फायदेमंद

जो लोग डायबिटीज से परेशान हैं उन्हें आंवले का सेवन करना चाहिए। आंवला में कुछ ऐसे कंपाउंड्स मौजूद होते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करते हैं, जो डायबिटीज वाले मरीजों के लिए फायदा पहुंचाता है।

### आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद


बता दें, रोजाना एक आंवला खाने से आंखों की रोशनी तेज होती है। आंवला कैरोटीन से भरपूर होता है। डॉक्टर भी कहते हैं कि रोज आंवला और शहद खाने से आंखों की सेहत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

मेंटल हेल्थ में फायदेमंद

यदि आप रोजाना आंवला खाते हैं तो यह ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है और नर्व हेल्थ में सुधार करता है। आंवले में पर्याप्त मात्रा में डाइटरी फाइबर होता है, जो वेट मैनेजमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आंवले का आप जूस पी सकते हैं।

# मेकअप टिप्स : करवाचौथ पर दिखना है चांद सा खूबसूरत, तो ना करें ये मेकअप मिसटेक्स

करवाचौथ किसी भी सुहागन स्त्री के लिए साल का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस खास दिन पत्नी अपने पति की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती है। इस दिन हर सुहागन स्त्री विशेष रूप से तैयार होती है। वह दुनिया में सबसे अधिक खूबसूरत दिखना चाहती है और इसलिए वे मेकअप का सहारा लेती हैं। मेकअप के जरिए वे अपनी नेचुरल ब्यूटी को कई गुना बढ़ाना चाहती है। हालांकि, यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते समय अक्सर वे कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं, जिससे उनका पूरा लुक बिगड़ जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको करवाचौथ पर मेकअप करते समय की जाने वाली कुछ आम गलतियों के बारे में बता रहे हैं-



### स्किनकेयर को अनदेखा करना

कई बार यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते हुए महिलाएं सीधे ही मेकअप प्रोडक्ट्स अप्लाई करना शुरू कर देती है। लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि आपका मेकअप उतना ही अच्छा लगेगा, जितनी आपकी स्किन अंदर से अच्छी लगेगी। इसलिए, मेकअप शुरू करने से पहले मॉइश्चराइजर व प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा न करने से स्किन रूखी हो सकती है या बेस असमान हो सकता है।

### फाउंडेशन का ज्यादा इस्तेमाल करना

कभी भी करवाचौथ मेकअप करते हुए आपको फाउंडेशन का ज्यादा इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके बजाय, लाइट से मीडियम कवरेज वाला फाउंडेशन इस्तेमाल करें। इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें और नेचुरल फिनिश के लिए हमेशा अपने फाउंडेशन को अपनी गर्दन से मैच करें।

### मेकअप सेट न करना

मेकअप करने के बाद उसे सेट करना भी उतना ही जरूरी है। सेटिंग पाउडर या स्प्रे न लगाने से आपका मेकअप जल्दी से खराब हो सकता है या फीका पड़ सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपना फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद, अपने टी-जोन पर हल्का ट्रांसलूसेंट पाउडर छिड़कें और फिर इसे लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

### हाइलाइटर का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करना

यह सच है कि करवाचौथ पर हर महिला शाइन करना चाहती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप जरूरत से ज्यादा हाइलाइटर का इस्तेमाल करने लगे। इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। आप इसे अपने चेहरे के ऊपरी हिस्सों- चीकबोन्स, नोज ब्रिज व क्यूपिड बो पर लगाएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## झारखंड में फिर से हेमन्त सरकार,पार्टी कार्यकर्ताओं जगह जगह मनाया जश्न



**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड में चुनावी दंगल के आखरी दिन को विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकताओं की जयकारे के नारे गूँजना शुरू ही गया।झारखंड के प्रमुख सीटों में इंडिया गड़बंधन की जीत से पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।बरहेट विधानसभा सीट से वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रचंड जीत जेएमएम कार्यकताओं ने चुनावी गिनती के पश्चात जीत का एलान होते ही मिठाईया और पटाखों से बरहरवा पतना एवं झारखंड के जगह जगह जश्न मनाया गया । बरहरवा नगर पंचायत में जेएमएम कार्यकताओं ने जेएमएम नेता शक्तिनाथ अमन के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं के साथ जोरदार जयघोष के साथ नारे लगाते हुए नगर में भृमण किया।वहीं बरहरवा स्टेशन चौक पर हेमन्त सोरेन जिंदाबाद के नारों के साथ मिठाईया बाटते हुए पटाखों के साथ जश्न मनाया। वहीं दूसरी ओर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से महागड़बन्धन प्रत्यासी निसात आलम भारी मतों से जीत हासिल की है,जीत का बिगुल बजते ही पार्टी कार्यकताओं व समर्थको ने जगह जगह धूमधाम से जश्न मनाया ।,एवं पाकुड़ की जनता की जीत की बात करते हुए विधानसभा क्षेत्र का चौमुखुखी विकास करने का नारा लगाया।वहीं अब सरकार के आगे की रणनीति पर सब की नजर है कि सरकार के मंत्रिमंडल में सरकार किस किस को जगह देती है।

## चुनाव परिणामों ने गोड्डा में बनाए कई रिकॉर्ड, जानिए क्या रहा इस बार खास



**गोड्डाः** झारखंड बनने के बाद यह पहला मौका है जब गोड्डा में भाजपा का सफाया हुआ है. वहीं प्रदीप यादव ने लगातार छठी जीत का रिकॉर्ड बनाया. प्रदीप यादव ने पोड़ैयाहाट सीट से कांग्रेस के टिकट पर लगातार छठी जीत दर्ज की है, जो यह दशार्ता है कि पोड़ैयाहाट में कोई भी पार्टी जीते, जीत प्रदीप यादव की ही होती है.

2000, 2005 में भाजपा, 2009, 2014 और 2019 में झाविमो और अब 2024 में रिकॉर्ड छठी बार कांग्रेस के टिकट पर प्रदीप यादव ने चुनावी जीत दर्ज की है. प्रदीप यादव ने भाजपा के देवेंद्र नाथ सिंह को 33543 मतों के भारी अंतर से हराया. जीत के बाद उन्होंने कहा कि यह पोड़ैयाहाट की जनता का प्यार है, तभी तो हम कहते हैं कि हम नेता नहीं बेटा हैं.

पोड़ैयाहाट के अलावा गोड्डा सीट पर भी भाजपा को झटका लगा. राजद के संजय यादव ने भाजपा के अमित मंडल को बीस हजार से अधिक मतों से हराया. इस तरह से संजय यादव गोड्डा विधानसभा के इतिहास में पहले विधायक बन गए हैं जिन्होंने कुल तीन बार जीत हासिल की है.

इससे पहले वे 2000, 2009 का भी चुनाव जीत कर विधायक बने थे. लगातार तीन हार के बाद उन्हें यह जीत मिली है. संजय यादव ने कहा कि गोड्डा की देवतुल्य जनता ने उन्हें फिर मौका दिया है, दस साल तक वे परेशान रहे. उनकी प्राथमिकता कृषि और शिक्षा होगी.

गोड्डा जिले की महगामा सीट से भी कांग्रेस को जीत मिली. कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर भाजपा से हिसाब बराबर कर लिया है. राज्य गठन के बाद भाजपा ने महगामा से 2000, 2005 और 2014 में जीत दर्ज की है जिसमें तीनों बार अशोक भगत विधायक रहे.

वहीं कांग्रेस ने सबसे पहले 2009 में जीत दर्ज की थी उस समय राजेश रंजन विधायक बने थे. इसके बाद दीपिका पांडेय सिंह ने 2019 और फिर 2024 में जीत दर्ज कर कांग्रेस की ओर से भाजपा से हिसाब बराबर कर लिया है. जीत के बाद दीपिका पांडेय सिंह ने महागामा की जनता और हेमंत सोरेन का आभार जताया और कहा कि उनके प्यार की बदौलत उन्हें जीत मिली है, अब वह दोगुनी मेहनत से काम करेंगी.

## गढ़वा की दो विधानसभा सीट से हारे दो विधायक



**गढ़वाः** झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम में कई उलटफेर हुए हैं. ऐसा ही उलटफेर गढ़वा जिला में भी हुआ है. जिला की दो विधानसभा सीटों पर सीटिंग एमएलए को पराजय का सामना करना पड़ा है. जिला की दो विधानसभा गढ़वा और भवनाथपुर के नतीजे चौंकाने वाले हैं. गढ़वा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर हार गये हैं. वहीं भवनाथपुर से बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही की भी हार हुई है.

गढ़वा के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के विजयी होने पर उपनिवार्ची पदाधिकारी एवं प्रवेक्षक ने जीत का प्रमाण पत्र दिया. उन्होंने 21 हजार 461 मतों से भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को हराया. इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए नवनिर्वाचित प्रत्याशी ने कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता की जीत है. क्षेत्र की जनता बदलाव चाह रही थी उन्होंने बदलाव करके दिखाया है. उनका सपना है कि नगरउंटारी को जिला, भवनाथपुर को अनुमंडल और पालयन रोकने के लिए पॉवर पलांट की शुरूआत करना. इस बार के चुनाव में मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी योजना काफी कारगर रही.

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी के विजयी होने पर उपनिवार्ची पदाधिकारी एवं प्रवेक्षक ने जीत का प्रमाण पत्र दिया. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सह मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर को 16 हजार 772 मतों से हराया है. इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए नवनिर्वाचित प्रत्याशी ने कहा कि यह गढ़वा की जनता की जीत है. यह भाजपा के नीति सिद्धांत की जीत है.

# एमटी राजा ने पांचवें प्रयास में राजमहल विधानसभा सीट पर लहराया अपना परचम

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी अनंत कुमार ओझा को बड़े अंतर से दी शिकस्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** लगातार संघर्ष के बाद राजमहल विधानसभा सीट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एम टी राजा ने आखिरकार अपना परचम लहराने में सफलता प्राप्त की। वे पिछले लगातार चार प्रयासों में मिली हार की असफलता को पीछे छोड़ते हुए लगातार संघर्ष करते रहे और पूरी मजबूती के साथ अगले चुनाव में वापस लौटने की कोशिश करते रहे। और अंततः पांच में प्रयास में इसका इनाम उन्हें राजमहल विधानसभा सीट पर इस बार जीत के रूप में मिला। तमाम कयासों और आरोप प्रत्यारोप के बाद भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एमटी राजा ने इस सीट पर पहली बार झामुमो का परचम लहराते हुए जीत हासिल की। वर्ष 2004 में पहली बार वे एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजमहल विधानसभा सीट से भाग्य आजमाने के लिए चुनावी जंग में कूदे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बाद में वे दो बार झामुमो और एक बार आजसू की टिकट



पर इस सीट से चुनाव लड़े, लेकिन फिर से हार का सामना करना पड़ा। झामुमो के टिकट पर 2009 के विधानसभा में उन्हें 40,874 वोट मिले थे और वे भाजपा के अरुण मंडल से चुनाव हार गए थे। फिर 2014 में झामुमो ने उन्हें दोबारा यहां से टिकट दिया। इस बार उनको 76,779 वोट मिले और वे भाजपा के अनंत कुमार ओझा से महज 702 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। 2019 का चुनाव वे आजसू के टिकट पर चुनाव लड़े और 76,532 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। दरअसल, एम टी राजा तकरीबन 8 साल से पार्टी से निष्कासित थे। वर्ष 2015 में पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधि कार्य करने के आरोप में उन्हें झामुमो से निष्कासित किया गया था। वर्ष 2019 के हुए विधानसभा चुनाव में उन्हें झामुमो से टिकट नहीं मिलने के चलते चुनावी जंग में उन्हें आजसू का दामन थामना पड़ा था। हालांकि चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद से वे लगातार झामुमो में शामिल होने का प्रयास करते रहे थे। बीते 6 मार्च 2024 को उन्हें एक बार फिर से झामुमो में शामिल कराया गया था।वहीं जीत के बाद एमटी राजा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देते हुए चुनाव में मदद करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति भी आभार व्यक्त किया। कहा कि यह जीत पार्टी के उन शीर्ष नेतृत्व का उन पर किए गए विश्वास और क्षेत्र में जनता का उसपर भरोसा का परिणाम है।कहा कि क्षेत्र का विकास उनका एकमात्र लक्ष्य है।

जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर झामुमो ने लहराया परचम

झामुमो ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले साहिबगंज जिला के तीनों सीटों पर अपना परचम लहराया है। जहां राजमहल विधानसभा सीट पर जेएमएम प्रत्याशी एम टी राजा ने भाजपा प्रत्याशी अनंत पूजा को 43,428 वोटो से पराजित कर दिया। बोरियो विधानसभा सीट पर जेएमएम प्रत्याशी धनंजय सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम को 19273 मतों से पराजित कर दिया।इसी प्रकार झारखंड की सबसे हॉट सीट मानी जा रही बरहेट विधानसभा सीट पर राज्य के मुख्यमंत्री सह जेएमएम प्रत्याशी हेमंत सोरेन ने भाजपा के गमेलियेल हेंब्रम को 39791मतो से पराजित कर एक बार फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहराने में सफलता हासिल की।

### एनडीए के खाते में जमशेदपुर के दो सीट, सरयू राय ने कहा

## समय बताएगा, बुलडोजर चलेगा या हथौड़ा



मेट्रो रेज संवाददाता

जमशेदपुरः झारखंड विधानसभा चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं. कई दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है, तो कई नए चेहरे को सफलता मिली है. जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री की पत्नी मीरा मुंडा को हराने के बाद जेएमएम के प्रत्याशी संजीव सरदार ने कहा कि एक हैवी वेट नेता का पोटका की राजनीति से अंत हुआ है. वहीं, मंत्री बन्ना गुप्ता की हार पर एनडीए के सरयू राय ने कहा कि उनके विधानसभा सीट से आतंक का अंत होगा. अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा या हथौड़ा, यह समय बताएगा.

सरयू राय ने कहा कि जनता ने एक बार फिर से उन्हें अपना समर्थन दिया है. इससे साफ पता चलता है कि वह परिवर्तन चाहती थी. उन्होंने कहा कि 'मैं पहले पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहा हूं, लेकिन पश्चिम विधानसभा में जीत के बाद पूर्वी विधानसभा के अधूरे कार्य को भी मैं पूरा करूंगा.' सरयू राय ने कहा कि मेरे लिए जमशेदपुर पश्चिम और पूर्वी में कोई अंतर नहीं है. चुनाव में भले ही मैं जदयू की सीट पर चुनाव लड़ रहा था, लेकिन भाजपा और मेरे समर्थक ने मेरे लिए काम किया है.

वहीं, पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में कई प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया गया है, जिन्हें वह फिर से शुरू करने का काम करेंगे. गैर कानूनी ढंग से जो अतिक्रमण किए गए हैं, उस पर बुलडोजर चलेगा या हथौड़ा यह समय बताएगा. उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद दूसरे दिन से ही वह क्षेत्र के लिए काम करना शुरू कर देंगे.

वहीं, जमशेदपुर के पोटका विधानसभा क्षेत्र में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी भाजपा प्रत्यासी मीरा मुंडा को हार का सामना करना पड़ा. जेएमएम के प्रत्याशी संजीव सरदार दूसरी बार क्षेत्र के विधायक बने. चुनाव जीतने के बाद विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिला है और जनता ने उन्हें अपना समर्थन दिया है. एक किसान का बेटा ही ग्रामीण क्षेत्र की जनता की दुख दर्द को समझ सकता है. ऐसे में मेरा सामना एक हिमालय पर्वत जैसे बड़े नेता से था. उन्होंने अर्जुन मुंडा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि एक हैवीवेट नेता का पोटका से राजनीति काल का अंत हो गया है.

## आलोक चौसरिया ने लगाई हैट्रिक, कांग्रेस प्रत्याशी का आरोप हुई है चीटिंग, जाएंगे कोर्ट



मेट्रो रेज संवाददाता

**पलामूः** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने जीत की हैट्रिक लगाई है. आलोक चौरसिया को 102175 वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी को 101285 वोट मिला है. आलोक चौरसिया 890 वोट से चुनाव जीते हैं. आलोक चौरसिया 2014 और 2019 में भी डालटनगंज से विधायक का चुनाव जीत चुके हैं.

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा है कि उनके साथ चीटिंग हुई है. एक बार फिर से उन्हें चीटिंग करके हराया गया है. पूरे मामले में वे कोर्ट का रुख करेंगे. केएन त्रिपाठी ने कहा कि तीन मतदान केदों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी. उनका आरोप है कि तीन मतदान केंद्रों का ईवीएम का सील टूटा हुआ था. दो ईवीएम में वोटों की गिनती हुई जबकि जिस इलाके में उनके वोट थे उसकी गिनती नहीं हुई है. वे पूरे मामले में कोर्ट का रुख करेंगे.

वहीं चुनाव जीतने के बाद आलोक चौरसिया ने कहा कि 2014 और 2019 में भी केएन त्रिपाठी कोर्ट में गए थे. जनता के समर्थन से उन्होंने चुनाव जीता है. आलोक चौरसिया ने कहा कि सभी वर्गों का वोट उन्हें मिला है. डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में कई विकास से कार्य होने हैं. डाल्टनगंज विधानसभा सीट पर 24 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे. प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के बेटे दिलीप से नामधारी भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे उन्हें 21232 वोट मिला है. आजाद समाज पार्टी के अजय सिंह चेरो को 13549 वोट मिला है. जबकि के रुचिर तिवारी को 4841 वोट मिला है. वहीं फिल्म स्टार श्रीराम डाल्टन को 586 और नोट को 1214 वोट मिला है.

## जेएमएम जीत की जीत पर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष ने दी बधाई

**साहिबगंज :** झारखंड विधानसभा में मतगणना के बाद साहिबगंज जिला के तीनों विधानसभा राजमहल बोरियो एवं बरहेट में जेएमएम के जीत पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने हेमंत सोरेन को दी बधाई इस दौरान कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष ने बताया कि सबसे पहले राजमहल की जनता जनार्दन को बधाई देता हूं.कि इंडिया गठबंधन की सरकार पर भरोसा जताई है.हम लोगों पर विश्वास किया हमारे जनता के लिए हमारे विधायक हमेशा तैयार रहेंगे इंडिया गठबंधन की बंपर जीत हुई है.इससे पूर्व में भी बताया था कि राजमहल से हमारा इंडिया गठबंधन की विधायक चुने जाएंगे।झारखंड में सरकार बनने जा रही है. झारखंड की जनता झारखंड की सरकार पर भरोसा जताई है. 2021 से पीएम आवास केंद्र से रोक दी गई थी.लेकिन हमारे झारखंड सरकार हेमंत सोरेन की लगातार मेहनत से गरीबों को अबुआ आवास मिल पाया है. हमारे झारखंड सरकार अबुआ आवास दिया,मैया सम्मान योजना दिया,गरीबों के लिए बिजली बिल माफ किया,किसानों का ऋण माफ योजना से यहां की जनता हेमंत सोरेन सरकार से खुश थी और एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार फिर से चुनकर भेजी है।

## आलमगीर पर बरकरार है पाकुड़ के मतदाताओं का भरोसा, निशात आलम को दिलायी रिकॉर्ड मतों से जीत

मेट्रो रेज संवाददाता

**पाकुड़ः** राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र का लगातार प्रतिनिधित्व करने वाले आलमगीर आलम भले ही ईडी की कार्रवाई के बाद जेल में हो, लेकिन पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने उन पर अपना भरोसा बरकरार रखा है. जनता ने आलमगीर की पत्नी और पाकुड़ की इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जीत दिलायी है.

निशात को बड़े अंतर से मिली जीत ने राजनीतिक गलियारों में इस चर्चा को भी बल देने का काम किया है कि अपने समर्थकों और क्षेत्र के लोगों के बीच आलमगीर आलम की पकड़ आज भी वैसी ही है, जैसे जेल में जाने के पूर्व थी. कार्यकताओं और समर्थकों के बदौलत निशात आलम को मिली भारी जीत के बाद इस बात की भी चर्चा है कि कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता निशात के लिए चुनाव प्रचार करने नहीं पहुंचा, लेकिन



जनता ने आलमगीर आलम की लोकप्रियता के आधार पर निशात को जीत दिलाई.

जीत के बाद बयान देतीं पाकुड़ विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक निशात आलम. (वीडियो-ईटीवी भारत)

वहीं राजनीति के कई जानकारों का मानना है कि कांग्रेस के कई नेता भले ही आलमगीर और उनके परिवार से प्रतिकूल परिस्थिति में दूरी बना लिए हो, लेकिन समर्थकों और क्षेत्र के मतदाताओं के बीच आज भी आलमगीर आलम और उनके परिवार की वही पहचान बरकरार है जो पहले हुआ करती थी.

पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने निशात आलम को 1 लाख 54 हजार 22 वोट से जीत दिलाकर अपने ही निवर्तमान विधायक आलमगीर आलम के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया है. पाकुड़ सीट पर कांग्रेस की निशात आलम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ऑल झारखंड स्टूडेंट पार्टी के अजहर इस्लाम को 85 हजार 103 मतों से पराजित किया.

वहीं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रो. स्टीफन मरांडी ने 1 लाख 14 हजार 924 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के नवनीत एंथोनी हेंब्रम को 61 हजार 175 मतों से हराया है. वहीं चर्चित लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने 87 हजार 627 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बाबूधन मुर्मू को 26 हजार 481 मतों से करारी शिकस्त दी है.

बता दें कि अंतिम चरण में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव के दौरान अधीर रंजन चौधरी के अलावे कांग्रेस पार्टी का कोई भी बड़ा नेता पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार और जनसंपर्क अभियान के अलावे चुनावी सभाओं को संबोधित करने नहीं पहुंचा था.

## करण जौहर की चर्चित रोमांटिक फिल्में



# एक और रोमांटिक फिल्म के साथ वापसी करेंगे करण जौहर

रण जौहर अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। उनकी निर्देशित कुछ फिल्में आज तक प्रशंसकों की पहली पसंद है। करण जल्द ही अपनी नई फिल्म के साथ निर्देशक के तौर पर कमबैक करने वाले हैं, जो कि एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है। फिल्म का नाम है- चांद मेरा दिल। आइए आपको बताते हैं करण जौहर की उन चुनिंदा फिल्मों के बारे में जिन्हें आज भी दर्शक पसंद करते हैं।



### रॉकी रानी की प्रेम कहानी

आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी में नजर आए थे। दोनों की इस प्रेम कहानी को प्रशंसकों ने बहुत प्यार दिया था। साथ ही कहानी में महिला सशक्तिकरण और जीवनशैली में कुछ नयापन लाने की भी बात की गई।

### कभी खुशी कभी गम

करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम को प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। कभी खुशी कभी गम फिल्म में प्रेम कहानी के साथ रूढ़िवादी सोच और नए नए प्यार में पड़े दो प्रेमियों के बारे में भी दिखाया गया है। फिल्म में जया बचन और अमिताभ की शादीशुदा जिंदगी में कुछ डर दिखाया गया है। तो वहीं, शाहरुख और काजोल की लव स्टोरी जो कि शादी में बदल जाती है, उसे भी दिखाया गया है। साथ ही ऋतिक रोशन और करीना कपूर की लव स्टोरी को भी दिखाया गया है।

### कुछ कुछ होता है

काजोल और शाहरुख खान की लव स्टोरी को फिल्म कुछ कुछ होता है में दिखाया गया है। इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला।

जहां कॉलेज में एक लड़की को लड़के से प्यार हो जाता है, उसी लड़के को दूसरी लड़की से प्यार हो जाता है, दोनों शादी भी कर लेते हैं। शादी के बाद उसकी पत्नी की मौत हो जाती है और बेटी की एक स्कूल ट्रिप के दौरान फिर से दोनों कॉलेज के प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होती है।

### कभी अलविदा न कहना

कभी अलविदा ना कहना देव और माया की कहानी है, जो अलग-अलग लोगों से शादी करने के बावजूद एक-दूसरे से प्यार करने लगते हैं।

इसे संयुक्त राय अमेरिका में 90 दिनों की अवधि में शूट किया गया था। इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बचन और शाहरुख खान की मुख्य भूमिकाएं हैं।



# सिकंदर के सेट पर सलमान खान की बढ़ा दी गई सुरक्षा



**बॉलीवुड** दबंग सलमान खान और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूटिंग के लिए हैदराबाद के फलकनुमा पैलेस पहुंच चुके हैं। फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सलमान खान को हाल ही में एक नई धमकी मिली है जिसमें पैसे मांगे गए हैं। पुलिस इस धमकी की जांच कर रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं।

### पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से हाल ही में मिली धमकियों के मद्देनजर , हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म सिकंदर के सेट पर बॉलीवुड स्टार सलमान खान के लिए सुरक्षा उपायों को कथित तौर पर काफी बढ़ा दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने पीटीआई को बताया, ÷लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से अभिनेता को मिली धमकियों की पृष्ठभूमि में सलमान खान के सिकंदर की शूटिंग हैदराबाद के पुराने शहर के एक स्टार होटल में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही थी।

### मिली धमकी के बाद लिया गया यह एक्शन

उन्होंने आगे कहा, सुरक्षा कड़ी कर दी गई है क्योंकि सलमान खान को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। जबकि पुलिस ने कोई और विवरण साझा करने से इनकार कर दिया, रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सलमान खान के पास सरकारी सुरक्षा के अलावा अपनी खुद की सुरक्षा भी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बॉलीवुड स्टार को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली थी, लेकिन अब उन्हें फिर से धमकी मिली है। धमकी भरा यह संदेश गुरुवार रात मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर भेजा गया।

### गीतकार को भी मिली धमकी

संदेश भेजने वाले ने अभिनेता को धमकाया और पांच करोड़ रुपये की मांग की। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा व्यक्ति ने मैं सिकंदर हूं गाने के गीतकार को भी धमकी दी है। ट्रैफिक अधिकारियों की शिकायत पर वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले कुछ महीनों में अभिनेता को मिली यह पांचवीं जान से मारने की धमकी है।


# जब ऐश्वर्या ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को करने से कर दिया मना

**बेमिसाल** खूबसूरती और शानदार अभिनय की मालकिन बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने भारतीय सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं। दर्शकों को ऐश्वर्या की अदाकारी बेहद पसंद भी आती है, लेकिन क्या आपको पता है कि उन्होंने करण जौहर की एक सुपरहिट फिल्म ठुकरा दी थी, जिसकी वजह जानकर आप भी चौंक जाएंगे।

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन इस एक और सुपर-डुपर हिट फिल्म के साथ अपने करियर में एक और यादगार भूमिका जोड़ सकती थीं, जिस फिल्म की यहां बात हो रही है उसका निर्देशन करण जौहर ने किया है। करण जौहर ने इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के लिए ऐश्वर्या को लीड रोल के लिए संपर्क किया था, लेकिन ऐश्वर्या ने यह कहते हुए इसे ठुकरा दिया कि दर्शक उनके किरदार को गलत तरीके से देखेंगे। आखिर ऐसी कौन सी फिल्म थी, जिसको लेकर ऐश्वर्या को भी करने में संकोच हुआ था। देवदास और धूम जैसी फिल्मों में अपनी लाजवाब भूमिकाओं से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने कई ऐसी भूमिकाएं ठुकरा दी हैं, जो शायद उनके प्रदर्शनों की लिस्ट में और भी अधिक प्रतिष्ठित किरदार जोड़ सकती थीं। उन छूटे हुए अवसरों में से एक था कुछ कुछ होता है में टीना की भूमिका, जो ऐश्वर्या के मना करने के बाद रानी मुखर्जी ने निभाया था। करण जौहर ने पहले इस भूमिका के लिए ऐश्वर्या से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इस डर से मना कर दिया कि इसे उनके मॉडलिंग के दिनों की वापसी के रूप में देखा जा सकता है, जहां ग्लैमर और मिनी-स्कर्ट उनकी पहचान थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान करण ने एक बार साझा किया कि उनकी पहली फिल्म में तीसरे मुख्य किरदार को निभाना कितना चुनौतीपूर्ण रहा है, खासकर तब जब इसमें शाहरुख खान और काजोल को मुख्य किरदार के रूप में फाइनल कर लिया था। एक इंटरव्यू के दौरान करण ने कहा, मैंने सभी से पूछा था। मैं भिखारी बन चुका था उस फिल्म में। रानी मुखर्जी की भूमिका के लिए आठ अभिनेत्रियों ने मुझे पहले ही मना कर दिया था। मुझे लगा, अगर कोई न मिले तो मुझे खुद शॉर्ट स्कर्ट पहनकर वो रोल करना पड़ेगा। ऐश्वर्या राय के अलावा किसी ने भी नैरेशन सुनने के बाद मुझे वापस नहीं बुलाया।

# वापस आने की तैयारी में भूतनाथ, अमिताभ के साथ रंग जमाएंगे शाहरुख




सदी के महानायक अमिताभ बच्चन (82) हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। वे आज भी लगातार फिल्मों में नजर आते हैं। अमिताभ की पिछली फिल्म साउथ इंडियन सुपरस्टार रजनीकांत के साथ 'वेट्टैयन' थी। इससे पहले वे प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर ब्लॉकबस्टर मूवी 'कल्कि 2898 एडी' में कमाल की भूमिका निभाकर लोगों का दिल जीतने में सफल रहे थे। इस बीच खबर आ रही है कि 'भूतनाथ' फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग जारी है। हालांकि फिल्म की कास्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

इसके पिछले दोनों पार्ट में अमिताभ बच्चन थे। साल 2008 में आई 'भूतनाथ' में अमिताभ भूत बने थे। इसमें शाहरुख खान और जूही चावला भी थे। साल 2014 में 'भूतनाथ रिटर्न्स' रिलीज हुई और इसमें भी अमिताभ ही लीड एक्टर थे। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर भूषण कुमार और बीआर फिल्म्स 'भूतनाथ' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं जिसका टाइटल 'भूतनाथ 3' होगा।

शूटिंग साल 2025 में शुरू होगी और रिलीज डेट का ऐलान अगले साल ही होगा। माना जा रहा है कि इसमें एक बार फिर अमिताभ-शाहरुख की जोड़ी साथ दिख सकती है। मेकर्स इस बार दोनों को अहम भूमिका दे सकते हैं। हालांकि यह स्क्रिप्ट पर निर्भर करता है और उसी आधार पर तय किया जाएगा। बता दें पिछली दोनों फिल्में हॉरर कॉमेडी थी। 'भूतनाथ' को विवेक शर्मा और 'भूतनाथ रिटर्न्स' को नितेश तिव[illegible] ने डायरेक्ट किया थ[illegible] भूतनाथ रिटर्न्स [illegible] करोड़ रुपए की [illegible]

# प्रियंका चोपड़ा को अपना रोल मॉडल मानती हैं सामंथा

**लंदन** में सामंथा अपनी फिल्म सिटाडेल- हनी बनी के प्रमोशन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की तारीफ भी की। सामंथा ने प्रियंका को लड़कियों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बताया है। बिजनेस टुडे के एक समारोह के दौरान सामंथा ने मोस्ट पावरफुल इवेंट में बात की। सामंथा ने कहा, जेनिफर साल्के (प्राइम वीडियो हेड) के पास इस इंटरकनेक्टेड जासूसी दुनिया को बनाने का शानदार विचार था। पहला सीजन अमेरिका में आधारित है, दूसरा इटली, फिर भारत और अगला मेक्सिको में है इसलिए यह शानदार है। हमारे लिए वास्तव में हमारे देश को छोड़े बिना वैश्विक जासूसी ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अविश्वसनीय अवसर है। बता दें प्रियंका ने रिचर्ड मैडेन के साथ सिटाडेल के अमेरिकी अध्याय का नेतृत्व किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने प्रियंका चोपड़ा के लिए कहा कि वे हम लड़कियों के लिए रोल मॉडल हैं। उन्होंने हमें बड़ा सोचने की प्रेरणा दी है। ये हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। साथ ही उन अभिनेत्रियों के साथ आने का भी जिन्होंने सिटाडेल अन्य सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। सामंथा ने राज और डीके के साथ काम करने

# पीकेएल-11: आखिरी पलों के रोमांच में गुजरात जाएंट्स ने तेलुगू टाइटंस को 31-28 से हराया

**नोएडा :** गुजरात जाएंट्स ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए शनिवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 71वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 31-28 के अंतर से हरा दिया। गुजरात को 12 मैचों में तीसरी जीत मिली हैए जबकि टाइटंस को इतने ही मुकाबलों नें पांचवीं हार मिली। गुजरात की जीत में परतीक दहिया (11), सोमवीर (3) और जीतेंद्र यादव हीरो बनकर उभरे। यह सोमवीर ही हैं जिन्होंने अंतिम रेड पर आशीष नरवाल को सुपर टैकल गुजरात की जीत पक्की की। आशीष ने सात अंक जुटाए जबकि विजय मलिक (15) ने शानदार खेल दिखाया लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। अंक तालिका में अपनी स्थिति बदलने के लिए संघर्षरत



जाएंट्स ने अच्छी शुरूआत करते तीन मिनट में हुए 4-1 की लीड ले ली लेकिन टाइटंस ने जल्द ही स्कोर 3-4 कर दिया। इसके बाद आशीष ने जीतेंद्र का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। 5-5 के स्कोर पर परतीक डू ओर डाई रेड पर आए और अंक लेकर लौटे। इसके बाद मोहित ने ऐसी ही रेड पर आशीष को लपक 10 मिनट की समाप्ति तक गुजरात को 7-5 से आगे कर दिया। ब्रेक के बाद परतीक आउट आफ बाउंड हुए लेकिन जीतेंद्र ने अगली रेड पर मंजीत का शिकार कर फासला बनाए रखा। इसके बाद गुमान ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ टाइटंस को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। विजय ने हालांकि हिमांशु को झटका दे टीम को इस स्थिति से निकाल लिया और फिर दो मौकों पर टीम को आलआउट से बचाते हुए स्कोर 14-14 कर दिया। परतीक ने अगली रेड पर उनका शिकार कर लिया। इसके बाद उनका काम आशीष ने किया और सुपर रेड के साथ टाइटंस को हाफटाइम तक 17-15 की लीड दिला दी।



# पर्थ टेस्ट : तीसरे दिन लंच तक भारतीय टीम का स्कोर 275/1, कुल बढ़त 300 के पार

एजंसी

**पर्थ :** यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच तक दूसरी पारी में भारतीय टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 275 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 264 गेंदों पर 141 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ देवदत्त पडिक्कल 25 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी हो चुकी है। इसी के साथ भारतीय टीम की कुल बढ़त 321 रन की हो गई है।

भारतीय टीम ने आज बिना विकेट गंवाए 172 रन से आगे खेलना शुरू किया और आधे घंटे के अंदर ही यशस्वी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ दिया। यशस्वी ने छक्का लगाकर टेस्ट करियर में अपना चौथा शतक पूरा किया। तीसरे दिन भारत को पहला झटका केएल राहुल के रूप में लगा। वह 176 गेंदों में पांच चौकों की मदद से शानदार 77 रन बनाकर आउट हुए। राहुल और यशस्वी के बीच 201 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल के बाद बल्लेबाजी के लिए आए देवदत्त पडिक्कल ने भी यशस्वी जायसवाल का खूब साथ दिया और टीम की लीड को 300 के पार पहुंचाया। फिलहाल लंच होने तक यशस्वी 141 रन और देवदत्त पडिक्कल 25 रन बनाकर नाबाद हैं।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेटने के बाद दूसरी पारी में भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। हालांकि पिच भी पहली पारी की अपेक्षा दूसरी पारी में सपाट दिखी, जिसका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी की और बिना विकेट गवांए दूसरे दिन स्टम्प तक बिना किसी नुकसान के 172 रन बना लिए थे।

### ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रनों पर सिमटी

इससे पहले जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेट दिया है। बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर भारत को 46 रनों की बढ़त मिली गई है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। स्टॉर्क के अलावा एलेक्स कैरी ने 21, ट्रैविस हेड ने 11 और मेकस्विनी ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 5, हर्षित राणा ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 150 रन

मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

# विस उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर नमामि गंगे ने किया मां गंगा की आरती



**अस्सी घाट पर स्वच्छता के लिए जागृति अभियान**

**वाराणसी :** महाराष्ट्र विधानसभा और उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर रविवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने अस्सी घाट पर मां गंगा की आरती कर स्वच्छता की अलख जगाई।सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था और आजिविका देने वाली मां गंगा के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने का आह्वान भी किया गया। गंगा आरती एवं स्वच्छता जागरूकता के दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ ही वियतनाम से काशी आए पर्यटक भी शामिल रहे । राष्ट्रध्वज तिरंगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लेकर देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए मां गंगा से आशीर्वाद भी मांगा। नारी शक्ति का नेतृत्व कर रहीं मां गंगा की आरती उतार कर सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाह्न 'नारी शक्ति वंदन' का अभिनंदन किया। स्वयंसेवकों को सफाई करते देख गंगाजल में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन परंपरा का निर्वहन कर रहे उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी स्वच्छता में हाथ बंटाया। लोगों ने अस्सी घाट गंगा तट की सफाई की। इस कार्यक्रम के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग, गरीब, महिला, किसान और युवा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समृद्धि की ओर अग्रसरित हो, हमने मां गंगा से यहीं आशीर्वाद मांगा है। स्वच्छता को स्वभाव में शामिल करके हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। राजेश शुक्ला ने कहा कि गंदगी मुक्त गंगा और कचरा मुक्त घाट का संदेश जन-जन तक पहुंचना हमारा दायित्व है। आयोजन में महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, सुरेश वर्मा, शीला सिंह, अंकित पाल, गोलू शर्मा, पुष्कर कुमार, अविनाश शाह आदि ने भागीदारी की।

# मध्य प्रदेश में उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई ठंड, राजधानी में 36 साल बाद रात का तापमान सबसे कम

### इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी पारा लुढ़का

एजेंसी

**भोपाल :** राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में उत्तरी हवाओं की वजह से सर्दी का असर तेज हो गया है। पिछले एक सप्ताह से राजधानी भोपाल में धुंध छा रही है। सुबह के समय धुंध का असर तेज रहता है। दूसरी ओर, प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में भी कोहरा छा रहा है। भोपाल में रात का तापमान 8.8 डिग्री पर पहुंच गया। जो नवंबर में 36 साल बाद सबसे कम है। इससे पहले 1988 में नवंबर में रात का सबसे कम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर से बर्फीली हवा का



सबसे ज्यादा असर भोपाल संभाग और उसके आसपास हो रहा है। वहीं, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में भी तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन प्रदेश में कड़ाके की ठंड रहेगी। उनका कहना है कि पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा से ठंड बढ़ी है। अगले दो-तीन दिन और ऐसी कड़ाके ठंड से राहत के आसार नहीं है। इंदौर में शनिवार को दिन का तापमान 27.5 (-2) डिग्री सेल्सियस रहा। रात के तापमान में 2 डिग्री का इजाफा हुआ और तापमान 13.6 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह मौसम ठंडा रहा। धूप खिलने के साथ मौसम साफ है। उज्जैन में रविवार सुबह धूप निकलने के बाद भी हल्की ठंड होने से लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। वेधशाला में शनिवार-रविवार की रात का तापमान 12.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, पचमढ़ी में रात में टेम्प्रेचर 6.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह प्रदेश में सबसे कम रहा। शुक्रवार-शनिवार की रात में मंडला में 7.4 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 7.6 डिग्री, अनूपपुर के अमरकंटक में 7.7 डिग्री, शाजापुर के गिरवर में 8.2 डिग्री, उमरिया में 8.9 डिग्री, राजगढ़ में 9.2 डिग्री, नौगांव में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह रायसेन जिले में 10 डिग्री, छिंदवाड़ा में 10.6 डिग्री, गुना-खरगोन में 11 डिग्री, रीवा-टीकमगढ़ में 11.2 डिग्री, खंडवा-रीवा में 11.4 डिग्री, सतना में 11.5 डिग्री, बैतूल में 11.7 डिग्री रहा। सिवनी-सीधी में 12.2 डिग्री, दमोह-खजुराहो में 12.4 डिग्री, रतलाम में 12.5 डिग्री और नरसिंहपुर में 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में भी ठंड का असर देखने को मिला। कई शहरों में पारा 28 डिग्री से कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी हिस्से में एक्टिव है। पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। वहीं, उत्तरी हवाएं भी प्रदेश में आ रही है। इस कारण तेज ठंड है।

## हरिद्वार में 26 नवंबर से शुरू होगा प्रकृति परीक्षण अभियान

**हरिद्वार :** उत्तराखंड भारतीय चिकित्सा परिषद के तत्वावधान में आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नई पहल का आगाज होने जा रहा है। 26 नवंबर से जनपद हरिद्वार में 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपनी प्रकृति के बारे में जागरूक करना और उन्हें आयुर्वेद आधारित निवारक स्वास्थ्य देखभाल अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने बताया कि जिले के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, फामेर्सी अधिकारी और पैरामेडिकल स्टाफ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करेंगे। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल अधिकारी, डॉ. अवनीश उपाध्याय के अनुसार देवभूमि उत्तराखंड में इस अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड को नोडल संस्था के रूप में नियुक्त किया गया है। 'प्रकृति परीक्षण' आयुर्वेद की एक अनूठी अवधारणा है, जो व्यक्ति की शारीरिक संरचना (वात, पित्त, कफ दोष) की पहचान पर आधारित है।

## अडानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

एजेंसी

**ऋषिकेश :** गौतम अडानी पर लगे गंभीर आरोपों और उनके खिलाफ कोई जांच न होने को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष एड. राकेश सिंह और पीसीसी मेंबर जयेंद्र चंद रमोला के नेतृत्व में रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और मोदी सरकार का पुतला फूंका। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एड. राकेश सिंह और पीसीसी मेंबर जयेंद्र चंद रमोला ने कहा कि गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी और विदेशी धन का उपयोग कर भारतीय राजनेताओं और अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप हैं। अमेरिकी न्याय विभाग की ग्रैंड ज्यूरी ने अडानी पर आरोप तय किए हैं और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में मोदी सरकार अडानी को संरक्षण दे रही है। न तो उनके खिलाफ कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई। उल्टा, बीजेपी नेता उन्हें बचाने में लगे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन मोहन शर्मा और पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा कि भाजपा जनता को हिंदू-मुस्लिम और जातिवाद के मुद्दों में उलझाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने जनता से जागरूक होने और देश को बचाने की अपील की। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए कि अडानी पर लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं हो रही है? विपक्ष की संयुक्त संसदीय समिति (खढउ) की मांग खारिज क्यों की गई?अडानी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है? पुतला दहन कार्यक्रम में बीएस पयाल, मदन मोहन शर्मा, सुधीर राय, शैलेन्द्र बिष्ट, मनीष शर्मा, प्रदीप जैन, प्यारे लाल जुगरान, ललित मोहन मिश्र, राकेश अग्रवाल, ऋषि सिंघल, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, विनोद रतूड़ी, शम्भू प्रसाद भट्ट, ओम सिंह, अशोक शर्मा, पुरंजय भारद्वाज, मधु जोशी, मुकेश जाटव, जतिन जाटव, बप्पी माहेश्वरी, अक्षय गुप्ता, कमलेश शर्मा, आदित्य आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## हर्ष फायरिंग में नौ साल के बच्चे की मौत, खुशी मातम में बदली

**हरिद्वार :** जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। हर्ष फायरिंग में एक नौ साल के बच्चे को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। खानपुर थाना पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा है। मामले की गहनता से जांच शुरू कर फायरिंग करने वाले सख्श की तलाश की जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र के लालचंदवाला गांव में मुस्लिम समाज के एक परिवार में एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान देर रात किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी। हर्ष फायरिंग में एक गोली नौ वर्ष के रिहान पुत्र वसीम को लग गई। आनन फानन में तुरंत ही बच्चे को अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महाराष्ट्र विस चुनाव : भाजपा को मिले सबसे अधिक 1 करोड़ 72 लाख 93 हजार 650 वोट

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सर्वाधिक 1 करोड़ 72 लाख 93 हजार 650 वोट मिले हैं। इन वोटों के साथ ही भाजपा ने सर्वाधिक 132 सीटें हासिल की हैं। वोटों के मामले में कांग्रेस पार्टी राज्य में दूसरे क्रमांक पर रही है, जबकि उसे मात्र 16 सीटें मिल सकी हैं। चुनाव परिणाम के अनुसार महाराष्ट्र में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले हैं और 16 सीटें मिली हैं, जबकि शिवसेना शिंदे समूह वोटों के मामले में राज्य में तीसरे स्थान पर रही और उसे 79 लाख 96 हजार 930 वोट मिले हैं जो कांग्रेस से थोड़े कम हैं। शिवसेना शिंदे समूह को 57 सीटें मिली हैं। वोटों के मामले में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी चौथे स्थान पर है और उसे 72 लाख 87 हजार 797 वोट मिले हैं। शिवसेना यूबीटी वोटों के मामले में पांचवें स्थान पर है और उसे 64 लाख 33 हजार 013 वोट मिले हैं और उसे 20 सीटें मिली हैं। अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छठे स्थान पर है और उसे 58 लाख 16 हजार 566 वोट मिले हैं। अजीत पवार की राकांपा ने 41 सीटें हासिल की हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 148 उम्मीदवार उतारे थे, इनमें से सर्वाधिक 132 जीते हैं और भाजपा का जीत का स्ट्राईक रेट सर्वाधिक है। इसी तरह का स्ट्राईक रेट शिंदे समूह की शिवसेना और अजीत पवार की राकांपा का भी है। जबकि कांग्रेस का स्ट्राईक रेट सबसे खराब रहा है।




# संभल जामा मस्जिद विवाद : सर्वे टीम पर पथराव की घटना का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, डीजीपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल जनपद में जामा मस्जिद को लेकर हुए उपद्रव की घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने डीजीपी को जिले के हालात पर नजर रखने और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने पथराव करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी के आदेश पथराव करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर संभल में सर्वे कराया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति नियंत्रण में, पुलिस पथराव करने वालों की पहचान करेगी और उचित कानूनी कार्रवाई करेगी। पत्थरबाजों की



पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि सर्वे पूर्ण हो चुका है और सर्वेक्षण टीम को हमने सुरक्षित अपनी जगह पर पहुंचा दिया है। स्थिति नियंत्रण में है। जो भी शरारती तत्व हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। एसपी कृष्ण कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें पत्थर फेंकने वाले युवाओं से कहते हुए नजर आ रहे हैं कि इन नेताओं के जाल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद न करें। घटना की जानकारी पर डीआईजी मुनिराज और एसपी के साथ मौके पर पहुंचे है। एसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया जाना था। सर्वेक्षण के विरोध में कुछ लोग एकत्र हुए और सर्वेक्षण के समय पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने इस पर जवाबी कार्रवाई की। जामा मस्जिद के परिसर के पास खड़ी उप-निरीक्षकों की कुछ गाड़ियों को आग लगा दी गई। वर्तमान में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है। हर जगह शांति और व्यवस्था कायम है। फिर से ड्यूटी लगाई जा रही है। पुलिस ने छह दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, यह संवैधानिक मूल्यों का आदर भी कराएगी और कानून का पालन भी करना पड़ेगा। देश का कानून सभी लोगों पर लागू है और इसे सभी को मानना पड़ेगा। इस तरह की अराजकता, गुंडई और न्यायालय के आदेश की अवहेलना मुख्यमंत्री योगी की सरकार में चलने वाला नहीं है।कानून से ऊपर कोई नहीं हो सकता है और इस सरकार में तो ये बिल्कुल संभव नहीं है। कोर्ट में अपना पक्ष रखें लेकिन न्यायालय आदेशानुसार जो भी सर्वेक्षण के लिए टीम गई है उस पर पथराव आदि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों पर कार्रवाई होगी। यह मुगलिया सल्तनत का दौर नहीं है। कोर्ट के आदेश से आपत्ति है तो ऊपरी कोर्ट जाएं। न्यायपालिका का आदेश सुनिश्चित होगा। सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। बरेली के ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुस्लिम समुदाय से अमन और शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोई भी मुद्दा हिंसा से नहीं सुलझता। इस्लाम हमेशा शांति और संयम का संदेश देता है। इसे कानूनी लड़ाई के जरिए बचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जामा मस्जिद पर रविवार को दोबारा सर्वे को लेकर हुए पर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सर्वे को लेकर नाराज भीड़ ने पुलिस और सर्वे करने पहुंची टीम पर पथराव कर दिया। कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया,जिससे हालात बेकाबू हो गए। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने और लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना में बीस से अधिक पुलिस कर्मी और कई लोग चोटिल हो गए। अब जिले की स्थिति नियंत्रण में है। भारी संख्या में पुलिस बल लगाये गए हैं। हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### लखनऊ विकास प्राधिकरण में चेहरा देखकर लगेगी हाजिरी सोमवार से

**लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में सोमवार से अधिकारियों और कर्मचारियों का चेहरा देखकर हाजिरी लगेगी। इसके लिए प्राधिकरण में आटोमेटेड फेसियल रिकाग्निशन सिस्टम मशीन लगा दी गयी है। कर्मचारियों निखिल, अजय की मानें तो चेहरे से लगने वाली हाजिरी से हर कर्मचारी समय से आयेगा। इस सिस्टम का हम स्वागत करते है। प्राधिकरण में सक्रिय रुप से संचालित कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारियों ने भी नये आटोमेटेड फेसियल रिकाग्निशन सिस्टम का स्वागत करते हुए इसे अनुशासन के लिए आवश्यक बताया है। प्राधिकरण में नये सिस्टम के प्रभारी राजीव ने कहा कि मशीन को इस तरह बनाया गया है, इसमें कर्मचारी चेहरा सामने आने पर ही हाजिरी होगी। इसके लिए मशीन को साढ़े चार फुट की लम्बाई पर लगाया गया है। चेहरा दिखाने के बाद आईडी नम्बर भी देना होगा। इसके बाद उपस्थिति और वेतन संबंधित शिकायतों को दूर करना आसान होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सभी कर्मचारी, अधिकारी को सोमवार को सुबह के वक्त समय से प्राधिकरण आने को निर्देशित किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जिसकी मशीन के माध्यम से हाजिरी नहीं होगी, उसे अनुपस्थित माना जायेगा। साथ ही उसी के अनुरुप वेतन में कटौती भी होगी।

### वाराणसी: थानाध्यक्ष के साथ मारपीट मामले में अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी :** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ तिराहे के समीप कार और ऑटो की टक्कर के बाद कार चालक राजातालाब थानाध्यक्ष के साथ मारपीट मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में घायल आटो चालक की शिकायत पर थानाध्यक्ष के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ है। एसीपी पिंडरा ने बताया कि थानाध्यक्ष के साथ मारपीट करने वाले आरोपितों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। थानाध्यक्ष की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल ?होने के बाद पुलिस अफसर एक्शन में है। बीते शनिवार को थानाध्यक्ष राजातालाब अजीत कुमार वर्मा सादे ड्रेस में अपने परिवार के साथ कार चलाकर बाबतपुर से वाराणसी शहर में आ रहे थे। थानाध्यक्ष हरहुआ तिराहे पर पहुंचे ही थे कि उनकी कार से ऑटो में पीछे से टक्कर लग गई और ऑटो चालक देवी शंकर राय (55)घायल हो गया। थानाध्यक्ष अपनी गाड़ी किनारे खड़ी कर ऑटो चालक को उपचार के लिए भेजने के लिए उतरे तो वहां एकत्रित भीड़ ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष अपना परिचय भी देते रहे। लेकिन भीड़ में शामिल लोगों ने उनकी नहीं सुनी। जानकारी होते ही एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव और बड़ागांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत करने के बाद घायल ऑटो चालक को उपचार के लिए पं. दीनदयाल मंडलीय चिकित्सालय में भेजा।

### ताजा बर्फबारी के कारण जम्मू और कश्मीर में रणनीतिक मुगल रोड बंद

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि कुछ मैदानी इलाकों में बारिश हुई है जिसके कारण आज कई सड़कें बंद हो गईं हैं। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शोपियां जिले को जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड को आज पीर की गली में बर्फबारी के बाद एहतियात के तौर पर वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। उत्तरी कश्मीर जिले के राजदान टॉप और अन्य जुड़ी सड़कों पर बर्फबारी के कारण गुरेज-बांदीपोरा मार्ग भी वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिसलन भरी परिस्थितियों के कारण सोनमर्ग-कारगिल मार्ग पर भी यातायात रोक दिया गया है। रात भर हुई बर्फबारी ने उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट को सफेद चादर से ढक दिया है जिससे वहां ठहरे पर्यटकों में काफी खुशी है। सीमांत कश्मीर जिले कुपवाड़ा के करनाह से बर्फबारी की खबरें मिली हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह में भी रविवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई है। दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग के पिकनिक स्थल को छोड़कर घाटी के सभी मौसम केंद्रों पर शनिवार को दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई और यह सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो पिछले दिन सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम था। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को कश्मीर के विभिन्न मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान गुलमर्ग को छोड़कर सामान्य से 2 से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और यह मौसम की इस अवधि के दौरान मैदानी इलाकों की घाटी के लिए सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने भविष्यवाणी की है कि आज दोपहर तक आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश/हल्की बर्फबारी की संभावना है। नवंबर के अंत तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि एक और पश्चिमी विक्षोभ 1 दिसंबर को आ सकता है, जिससे 30 नवंबर की देर रात से 1 दिसंबर की दोपहर तक ऊंचाई वाले इलाकों और छिटपुट जगहों पर हल्की बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

### कश्मीर सिंह और अनमोल की कमाई का जरिया बने ई-ऑटो

**हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश की सुंदर वादियों और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की विशेष पहल से हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग देश का पहला ऐसा विभाग बन चुका है, जो पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों का ही उपयोग कर रहा है। इस पहल के तहत प्रदेश सरकार ने 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत ई-टैक्सी और ई-ऑटो खरीदने के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी और ऋण लेने की शर्तों में ढील दी जा रही है। हमीरपुर जिले में अब तक 22 युवाओं को इस योजना से जोड़ते हुए ई-ऑटो और ई-टैक्सी चलाने के लिए परमिट और सब्सिडी दी जा चुकी है। वार्ड नंबर-7 के अनमोल कुमार ने बताया कि सरकार से मिली सब्सिडी की मदद से उन्होंने ई-ऑटो खरीदा, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है। उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह बेरोजगार युवाओं के लिए बेहद फायदेमंद है। एनादौन उपमंडल के कांगू क्षेत्र के गांव झरेड़ी के निवासी कश्मीर सिंह ने भी बताया कि उन्होंने लगभग 4 लाख रुपये में ई-ऑटो खरीदा, जिस पर उन्हें सरकार से 70,000 रुपये की सब्सिडी मिली। उनका कहना है कि यह वाहन किफायती और पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है। उनके अनुसार, यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए एक वरदान साबित हो सकती है। सरकार के प्रयासों से आम लोग, टैक्सी ऑपरेटर और ट्रांसपोर्टर भी बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहन अपना रहे हैं। परिवहन विभाग ई-रिक्शा, ई-बस और ई-ऑटो के परमिट जारी कर रहा है। यह योजना न केवल युवाओं को स्वरोजगार प्रदान कर रही है, बल्कि प्रदूषण मुक्त हिमाचल के सपने को साकार करने में भी मददगार साबित हो रही है।

### सराफा बाजार में लगातार 5वें दिन तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोना आज लगातार पांचवें दिन महंगा हुआ है। शुरूआती कारोबार में इस चमकीली धातु की कीमत में आज 750 रुपये से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये से लेकर 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## छात्राओं ने नरवा पहाड़ परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय का नाम किया रौशन



**जमशेदपुर :** राजस्थान के रावत भाटा में आयोजित अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा अंतर केंद्रीय विद्यालय की कोरियोग्राफी सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में नरवा पहाड़ की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल कर नरवा पहाड़ परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय का नाम किया रौशन किया. यूसिल कॉलोनी वासियों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर जादूगोड़ा लौटी विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया.

560 विद्यार्थी कलाकार एवं अनुरक्षण दल के सदस्यों ने भाग लिया

उल?लेखनीय है कि राजस्थान के रावत भाटा के भारतीय परमाणु ऊर्जा प्रमाण केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा अंतर केन्द्रीय विद्यालय सांस्कृतिक समारोह (समूह नृत्य) का आयोजन 18 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित किया गया था. इस सांस्कृतिक समारोह में देशभर के 28 परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों के 560 विद्यार्थी कलाकार एवं अनुरक्षण दल के सदस्यों ने भाग लिया. में नरवा पहाड़ परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल किया.

उपलब्धि पर पूरे स्कूल व क्षेत्र में हर्ष का माहौल

यह प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई थी. कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से लेकर 10 के विद्यार्थी एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसमें दो समूह नृत्य प्रतियोगिता थी एक कोरियोग्राफ नृत्य एवं दूसरा भारतीय लोक नृत्य. कनिष्ठ वर्ग में नरवापहाड़ के छात्राओं ने कोरियोग्राफ नृत्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल व क्षेत्र में हर्ष का माहौल है.

टीम में यह थे शामिल

इस प्रतियोगिता में छात्राओं में अनुश्री भगत, प्रीति दास, आशीराज भगत, मुस्कान सोरेन, पार्वती किस्कू, सुजाता हो, स्वाति मुर्मू , सोनाली बास्के, नेहा दास मिरू टुडू जबकि अनुरक्षण दल में शिक्षक मनीष कुमार साहा एवं संध्या शर्मा ने शिरकत की.

## शोएब मल्लिक को गढ़वा जिला का युवावाहिनी भारत एवं युवा वाहिनी झारखण्ड प्रदेश नियुक्त किया गया



सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित एवं जनसमस्याओं के निस्पादन हेतु सदैव तत्पर रहने वाले गढ़वा जिला के शोएब मल्लिक को उनके बेहतर कार्यदक्षता को देखते हुए युवा वाहिनी भारत तथा युवा वाहिनी झारखण्ड नियुक्त किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए युवा वाहिनी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य राज के द्वारा इनकी नियुक्ति की गयी और कहा कि शोएब मल्लिक अपने जवाबदेही और दायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से करेंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष युवा वाहिनी झारखण्ड तथा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा जनता पार्टी झारखण्ड के अध्यक्ष अधिवक्ता आयुष मिश्रा ने कहा कि तत्काल प्रभाव से शोएब मल्लिक अपने जवाबदेही का निर्वहन करेंगे और उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उसे भली भांति निभायेंगे। उनके कार्यप्रणाली हमेशा बेहतर रहे हैं इसलिए आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि शोएब मल्लिक अपने पद का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे।

## कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की जीत पर खुशी की लहर, जगह-जगह जश्न



**मांडर।** झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की की प्रचंड जीत के बाद पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। जनता और पार्टी कार्यकर्ता उनकी दोबारा जीत का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को बधाई दे रहे हैं। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मिठाइयां बांटी जा रही हैं और पटाखे फोड़कर खुशी जताई जा रही है।

शिल्पी नेहा तिर्की ने चुनाव में 1,33,568 वोट हासिल कर भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को 22,135 मतों से हराया। उनकी जीत को क्षेत्र के लोग आपसी प्रेम और सद्भाव की विजय मान रहे हैं।

स्थानीय नेताओं ने सरकार की नीतियों की सराहना की

इस अवसर पर मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने कहा, ₹यह जीत जनता के आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। हेमंत सरकार ने जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं, जिनका नतीजा यह शानदार जीत है। सरकार की योजनाओं ने मांडर ही नहीं, पूरे झारखंड में जनता का भरोसा जीता है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मांडर प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा ने भी हेमंत सरकार के कामों की तारीफ की। उन्होंने कहा, ₹सरकार ने गरीबों और मजदूरों के हित में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। कोरोना काल में सरकार की सहायता योजनाओं और ग्रामीण विकास की दिशा में उठाए गए कदमों का यह परिणाम है कि जनता ने हमें भारी मतों से जीत दिलाई है। मांडर विधानसभा क्षेत्र में चौक-चौराहों पर पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर लोगों ने इस जीत का जश्न मनाया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में समर्थकों ने शिल्पी नेहा तिर्की की जीत को जनता की जीत बताया। शिल्पी नेहा तिर्की की यह जीत कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, और इसे राज्य में हेमंत सरकार की लोकप्रियता का प्रमाण माना जा रहा है।

## बनतानगर में संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

सरायकेला : आरआईटी थाना क्षेत्र के बंतानगर के डोबोडूंगरी में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पुलिस को मिला है. युवक का शव उसके घर के पास से ही मिला है. युवक की पहचान शंभू लोहार के रूप में हुई है.आशंका जाहिर की जा रही है कि युवक की पत्थर से कूचकर हत्या की गई है और इस घटना को बीते रात अंजाम दिया गया गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. बताया जाता है कि शंभू लोहार पूर्व में चोरी छिनतई के मामले में जेल की सजा काट चुका था. मृतक के पिता आदित्यपुर नगर निगम में चालक के तौर पर काम करते हैं.

# पश्चिम सिंहभूम में भाजपा का सुपड़ा साफ सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने चुनाव जीतकर बचाया लाज




ज्योति पाठक

विधानसभा चुनाव 2023 में सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से पुनः 2019 की पुनरावृति हुई और झामुमो से भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर भाजपा की साख बचायी। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा चाईबासा, मझगांव, चक्रधरपुर, मनोहरपुर में झामुमो ने एतिहासिक जीत दर्ज की वहीं जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद गीता कोड़ा को कांग्रेस के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। चाईबासा विधानसभा क्षेत्र से झारखण्ड सरकार के मंत्री दीपक बिरूवा ने एतिहासिक मतों से चुनाव जीतकर चैथी बार चाईबासा विधानसभा से जीत हासिल की। दीपक बिरूवा को कुल 107430 मत प्राप्त हुए वहीं भाजपा के गीता बालमुचु महज 42559 मत ही प्राप्त कर सकीं। इस प्रकार से श्री बिरूवा रिकार्ड और एतिहासिक मतों से चुनाव जीते। वहीं मझगांव विधानसभा क्षेत्र से निरंतर तीसरी बार चुनाव जीतने वाले नीरल पुरती को 94163 मत प्राप्त हुए। वहीं पूर्व मंत्री व भाजपा प्रत्याशी बड़कुंवर गागराई को महज 34560 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से श्री पुरती भी रिकार्ड मतों से चुनाव जीते। वहीं निरंतर दुसरी बार रिकार्ड बनाकर चुनाव जीतने वाले सुखराम उरांव चक्रधरपुर के पहले ऐसे विधायक बने हैं जो निरंतर दुसरी बार विधायक और तीसरी बार चुनाव जीतने का रिकार्ड बनाया। श्री उरांव को 58639 मत प्राप्त हुए। वहीं भाजपा के शशि भूषण सामड को 49329 मत प्राप्त हुए और श्री उरांव चक्रधरपुर के पुनः विधायक बनें। मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से सिंहभूम के सांसद श्रीमती जोबा माझी के सुपुत्र जगत माझी चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बनें श्री माझी को 73034 मत प्राप्त हुए वहीं आजसू के दिनेश चन्द्र बोयपाई को 41078 मत प्राप्त हुएं। जगत माझी कोल्हान के सबसे कम उम्र के विधायक बनने का भी रिकार्ड बनाया। विधायक जगत माझी के नाम एक और रिकार्ड बना कि उनके पिता देवेन्द्र माझी व माता श्रीमती जोबा माझी इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा को लोकसभा के पश्चात विधानसभा चुनाव में भी पराजय का मुंह देखना पड़ा। जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकु ने उन्हें पराजित किया। श्री सिंकु को कुल 57065 मत प्राप्त हुए। वहीं गीता कोड़ा को 49682 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार से सिंकु निरंतर दुसरी बार जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनें।

# झारखण्ड में हेमन्त सोरेन को जनता ने दिया प्रचण्ड बहुमत हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में जताया विश्वास

## झारखण्ड के चार मंत्रीयों को इस लहर में भी देखनी पड़ी हार



बिनय मिश्रा

विधानसभा चुनाव 2023 में हेमन्त सरकार के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास करते हुए प्रचण्ड बहुमत से उन्हें दोबारा सरकार बनाने का अवसर प्रदान किया और उनके पांच वर्षों के कार्यकाल को बेहतर और उपयोगी मानते हुए जनता ने उन्हें पुनः सत्ता की बागडोर सौंपी है। 2019 के पश्चात इस बार संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने उन्हें प्रचण्ड और एतिहासिक बहुमत देकर उनके नेतृत्व में पुनः विश्वास जताया और उन्हें स×ाा की बागडोर सौंपी है। झामुमो, कांग्रेस, राजद व उनके सहयोगी दल को प्रदेशवासियों ने व्यापक जनसमर्थन दिया और इस लहर में एनडीए का सुपड़ा साफ हो गया। वहीं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के तीन मंत्री व कांग्रेस के एक मंत्री बन्ना गुप्ता को पराजय का मुंह देखना पड़ा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बनने वाले तथा पेयजल स्वच्छता विभाग के काबीना मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भाजपा के सतेन्द्र नाथ तिवारी ने पराजय किया। डुमरी से विधायक सह काबीना मंत्री बेबी देवी को जय राम महतो ने पराजीत किया। लातेहार से विधायक सह काबीना मंत्री बैजनाथ राम को भाजपा के प्रकाश राम ने पराजित किया। इसके अलावे जमशेदपुर के पश्चिम जमशेदपुर से सरयु राय ने काबीना मंत्री बन्ना गुप्ता को पराजित किया। इस प्रकार से झारखण्ड सरकार के चार मंत्रीयों को पराजय का मुंह देखना पड़ा।

# ईचागढ़ से सविता महतो लगातार दूसरी बार जीतीं चुनाव



मेट्रो रेज संवाददाता

**सरायकेला :** झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ विधानसभा निवार्चन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ने वाली झामुमो उम्मीदवार सविता महतो 26523 वोटों से जीत गईं हैं. शनिवार को सरायकेला स्थित काशी साहू कॉलेज में हुई मतगणना में उन्हें विजयी घोषित किया गया.झारखंडी पर्यटन स्थल आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो को पराजित किया चुनाव जीतने वाली सविता महतो ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनडीए गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो को पराजित किया. विजयी प्रत्याशी सविता महतो को 77552 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरेलाल महतो को 51029 वोट मिले. राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुधीर महतो की पत्नी सविता महतो ईचागढ़ से चुनाव जीतने वाली पहली महिला हैं. वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में सविता महतो आजसू पार्टी के हरेलाल महतो को पराजित कर पहली बार विधायक बनीं थीं.

हर राउंड में बनाई बढ़त

ईचागढ़ से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाली सविता महतो ने मतगणना के हर राउंड में बढ़त बनाए रखा. वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार आगे-पीछे होते रहे. हर राउंड की घोषणा के बाद मतगणना स्थल के बाहर जुटी झामुमो कार्यकताओं की भीड़ का उत्साह बढ़ता जा रहा था. वहीं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी झामुमो समेत इंडिया गठबंधन दलों के सहयोगी दलों के कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के पहले राउंड में सविता महतो को 4121 मत मिले थे. जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी जेएलकेएम उम्मीदवार तरुण महतो को 3788 वोट मिले और आजसू पार्टी के प्रत्याशी हरेलाल महतो को 2526 वोट मिले थे. सविता महतो का ये बढ़त अंतिम राउंड तक जारी रहा और वे 26523 वोटों के अंतर से चुनाव जीत गईं.

# 24 से 28 के बीच रद्द रहेंगीं पांच ट्रेनें, रेल यात्रियों को होगी परेशानी

**सरायकेला :** चक्रधरपुर रेलमंडल के कुनकी और आद्रा रेल मंडल के चांडिल जंक्शन स्टेशन के बीच चक्रधरपुर रेल मंडल क्षेत्र में टीआरटी ब्लॉक लिए जाने के कारण पांच ट्रेनों को अलग-अलग तिथि को रद्द किया गया है. रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार कुनकी और चांडिल स्टेशन के बीच चार घंटे का टीआरटी ब्लॉक लिया जाएगा. जानकारी के अनुसार रविवार 24 नवंबर को डाउन लाइन, सोमवार 25 नवंबर को अप लाइन, बुधवार 27 नवंबर को डाउन लाइन और गुरुवार 28 नवंबर को अप लाइन चार घंटे के चार टीआरटी ब्लॉक लिया जाएगा.

इन ट्रेनों को किया गया रद्द

24 और 27 नवंबर : टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस, टाटा-बरकाकाना-टाटा पैसेंजर, आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू

24 नवंबरः आसनसोल-टाटा-आसनसोल एक्सप्रेस

24, 27 व 28 नवंबरः को झारग्राम-पुरुलिया-झारग्राम मेमू का परिचालन रद्द किया गया है.

25 और 28 नवंबरः आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू को पुरुलिया से ही शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा.

24, 25, 27 और 28 नवंबरः धनबाद-टाटा-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन को को आद्रा से शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा.

24 नवंबरः आनंद विहार से पुरी के बीच चलने वाली आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन को को आनंद विहार स्टेशन से तीन घंटे पुनर्निर्धारित किया जाएगा.

28 नवंबरः रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को रूट बदलकर चलाया जाएगा.

इस संबंध में दक्षिण पूर्वी रेलवे के गार्डन रीच रोड, कोलकाता स्थित प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक का कार्यालय से पत्र जारी किया गया है.

# पूर्वी सिंहभूम की चार सीट इंडिया गठबंधन और दो सीट एनडीए के खाते में




मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले की सभी छह विधानसभा सीटों के परिणाम घोषित हो गए. चार सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की. जबकि दो सीटों पर एनडीए के उम्मीदवार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे.

इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी रामदास सोरेन, समीर मोहंती, मंगल कालिंदी एवं संजीव सरदार ने क्रमशः घाटशिला, बहरागोड़ा, जुगसलाई एवं पोटका विधानसभा से जीत दर्ज की. रामदास सोरेन ने अपने प्रतिद्वंद्वी एनडीए समर्थित भाजपा पत्याशी बाबूलाल सोरेन को 21974 वोट से हराया. इसी तरह बहरागोड़ा विधानसभा से समीर मोहंती ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी को 17796 वोट से मात दी. जुगसलाई विधानसभा से मंगल कालिंदी दूसरी बार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे. उन्होंने एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी रामचंद्र सहीस को 45125 वोट से पराजित किया. इसी तरह पोटका से झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को 27093 वोट पराजित किया.

पूर्णिमा साहू ने 45460 वोट से डॉ. अजय कुमार को हराया

जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू एवं जमशेदपुर पश्चिम से जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी सरयू राय ने जीत दर्ज की. पूर्णिमा साहू ने जहां 106398 मत प्राप्त किया तथा 45460 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार को हराया. इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर सिंह को 15343 मत प्राप्त हुए.

सरयू राय ने अपने घोर प्रतिद्वंद्वी स्वास्थ्य मंत्री बन?ना गुप्ता को हराया

जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के परिणाम चौंकाने वाले रहे. राजनीति में चाणक्य कहे जाने वाले सरयू राय ने अपने घोर प्रतिद्वंद्वी स्वास्थ्य मंत्री बन?ना गुप्ता को लगभग 6 हजार वोटों से हराया. जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के परिणाम 22 राउंड की गिनती पूरी होने के बाद जारी की गई. उक्त सीट पर प्रारंभ से ही सरयू राय बढ़त बनाए रहे. इससे पहले सुबह 8:00 बजे से जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज में मतगणना प्रारंभ हुई. मतगणना को लेकर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. जगह-जगह ड्रॉप गेट बनाए गए थे साथ ही हर ड्रॉप गेट पर पुलिस एवं दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी.